वर्ष- 22 अंक - 76 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 29 अगस्त 2026



## पीएम मोदी ने बंधवाई राखी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा बंधन के मौके पर अपने 7 लोक कल्याण मार्ग पर स्थित आवास पर एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां उन्होंने स्कूली छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स के हाथों से राखी बंधवाई।

## अब दूध भी महंगा

**शनिवार.एजेंसी।** दिल्ली में कल सीएनजी के दाम बढ़ाए जाने के बाद अब मुंबई में दूध के भाव 9 रुपए बढ़ा दिए गए जिससे यहां दूध 100 रुपए के पार हो गया।

# नेपाल में लाशों का ढेर

## अपनों की तलाश में भटक रहे लोग




**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल में आए जलप्रलय के बाद प्रभावित इलाकों में लाशों का ढेर लग गया है। मलबे में बड़ी तादाद में लोग जिंदा या मुर्दा दबे हुए हैं। राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। नेपाल ने भारत और चीन से भी मदद मांगी है, जबकि भारत पहले दिन से ही मदद में जुटा हुआ है। अब तक करीब 600 मौतें हो चुकी हैं। 320 भारतीयों सहित 2500 लोग लापता हैं। लापता लोगों में ज्यादातर लोगों के बचने की उम्मीद कम है। जो लोग जिंदा बच गए वे अपनों की तलाश में भटक रहे हैं। करीब 400 भारतीय तिब्बत में फंसे हुए हैं जिन्हें निकालने के लिए भारत मदद करेगा। चीन की तरफ फंसे 153 भारतीय नागरिक सुरक्षित रूप से नेपाल पहुंच चुके हैं।

### तबाही के बीच इंसानियत शर्मसार! लाशों से गहने निकाल रहे लोग

बाढ़ के बीच नेपाल में शर्मनाक घटना सामने आई है। नारायणी नदी में बाढ़ के पानी में बहकर आए महिला के शव से कथित तौर पर सोने की बालियां निकालने के आरोप में नेपाल पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस तबाही के बीच एक शख्स को बाढ़ में बहकर आई अलमारी मिली, जिसमें नकद और गहने थे। इस शख्स ने वीडियो जारी कर कहा कि जिसके भी हों, वापस ले जाए।

## अमेरिका में गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

# भारत से पानी दिलवा दो

**शनिवार.एजेंसी। सिंधु जल संधि खत्म होने से पाकिस्तान पानी के बगैर तड़प रहा है। उसकी आवाम बूंद-बूंद को तरस रही है। पाकिस्तान बार-बार सिंधु जल संधि बहाल करने की गुहार लगा रहा है।**

एक बार फिर पाकिस्तान गिड़गिड़ाया है। इस बार तो अमेरिका में जाकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुहार लगाई है कि प्लीज कोई भारत से सिंधु का पानी दिलवा दो। डार ने कहा कि पानी न मिलने के कारण पाकिस्तान के 25 करोड़ लोग मुसीबत झेल रहे हैं। इधर भारत का दोटूक कहना है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद चलाता रहेगा, तब तक पानी नहीं मिलेगा।

# बिलासपुर में आधी रात को दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प

## जमकर पथराव, तोड़फोड़, कई पुलिसकर्मी घायल



**बिलासपुर.एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट के बाद दो समुदायों के बीच देर रात को हिंसक झड़प हुई। सैकड़ों लोग आमने-सामने हो गए और जमकर पथराव हुआ। इसी दौरान दुकानों में तोड़फोड़ भी की गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इस दौरान पथराव में तारबाहर थाना प्रभारी रवि तिवारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## संगमनगरी में भरभराकर गिरा स्वामी नारायण मंदिर का 3 मंजिला हिस्सा



**प्रयागराज ● एजेंसी**

संगम नगरी प्रयागराज में देर रात बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां स्वामी नारायण मंदिर का तीन मंजिला हिस्सा भरभराकर गड्ढे में जा गिरा। तेज आवाज के साथ हुए हादसे से आस-पास के लोग दहशत में आ गए। ऐसा लगा जैसे कोई आस-पास बड़ा विस्फोट हुआ है, लेकिन जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो देखा कि स्वामी नारायण मंदिर का एक हिस्सा धराशाई हो चुका है।

## कांग्रेस के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**पटना.एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में कांग्रेस की दुर्गति होने के बाद बिहार कांग्रेस आपस में गुत्थमगुत्था हो रही हैं। कांग्रेस के कई नेता बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष और महासचिव को हटाने की मांग कर रहे है, लेकिन राहुल गांधी इन नेताओं से मिल भी नहीं रहे। इसलिए ये नेता 8 सितंबर को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल पर ट्रंप का कब्जा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के साथ दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी तेल डील का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि इस समझौते से वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से ज्यादा के तेल भंडार पर अमेरिका का कंट्रोल होगा।

## उज्बेकिस्तान के लिए रवाना हुए मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर आज ताशकंद के लिए रवाना हुए। वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत करेंगे। इसके बाद 31 अगस्त को वह किर्गिस्तान दौरे पर रहेंगे। वे 31 अगस्त को किर्गिस्तान जाएंगे। ताशकंद में व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, डिजिटल कनेक्टिविटी, शिक्षा और अहम खनिजों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही एससीओ समिट में शमिल होंगे।

## तुर्किये की मदद से आतंकियों की फौज बना रहा पाकिस्तान

**शनिवार.एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की जमीन पर आतंकी ठिकानों के तबाह होने के बाद बिखरे नेटवर्क को अब फिर से खड़ा किया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक नवंबर से दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रची जा रही है। इसके लिए पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद कमजोर पड़े आतंकी संगठनों के नेटवर्क को तुर्किये की मदद से सक्रिय करने का प्रयास तेज कर दिया है।

## एक को बचाने गए थे, तीनों डूब गए

**धनबाद.एजेंसी।** धनबाद के तोपचांची में तीन बच्चे नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। इसी दौरान एक बच्ची गहरे पानी में डूबने लगी। उसे बचाने के लिए बाकी दो बच्चे आगे बढ़े, लेकिन वे भी गहरे पानी में चले गए। कुछ ही देर में तीनों पानी में डूब गए और तीनों की मौत हो गई।

# पीओके से आसिम मुनीर की सेना को हटाने का शंखनाद

**शनिवार.एजेंसी।** पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से आसिम मुनीर की आर्मी को भगाने की तैयारी हो चुकी है। जिस तरह से पीओके में हर जगह पर पाकिस्तानी आर्मी का कब्जा है, उससे आजादी का शंखनाद हो चुका है।



जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी ने आसिम मुनीर की बैंड बजाने की मुनादी कर दी है। अब पीओके में नए सिरे से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन होगा। रावलाकोट में हुई एक अहम बैठक में आसिम मुनीर की आर्मी के खिलाफ प्लान बन गया। इसी बैठक को संबोधित करते हुए आंदोलन के नेता उमर नजीर कश्मीरी ने छात्रों, अभिभावकों और सिविल सोसाइटी से क्षेत्र में होने वाले बड़े धरना-प्रदर्शनों में शामिल होने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि इसके समर्थन में ब्रिटेन और यूरोप में भी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाएंगे।

# विजयवर्गीय का खराब रोड पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज



### इंदौर में बहुत अच्छी सड़कें बनी है बैठना है और लोट लगाना है तो वहां जाओ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मीडिया ने कल प्रश्न किया कि खराब सड़कों पर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। विगत दिनों बाम्बे अस्पताल के पास सर्विस रोड की बदहाल स्थिति पर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने विरोध प्रदर्शन किया था। यह सर्विस रोड लम्बे समय से खराब है और बारिश के दौरान कीचड़ और जल भराव की स्थिति बनती है, गड्ढे भी हो गए हैं। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तंज कसा और कहा कि सब खराब सड़कें ठीक हो रही है, सबका अच्छे होने का नम्बर आ रहा है, कांग्रेसियों को खराब सड़क ही दिख रही है, इंदौर में एक से एक अच्छी सड़कें बनी है। खराब और कीचड़ की सड़क पर क्यों बैठना, अच्छी सड़क भी है। विजयवर्गीय ने अच्छी सड़क के उदाहरण भी दिए और कहा कि जहां अच्छी सड़क है वहां लोट लगाओ, दौड़ लगाओ, जो सड़क अच्छी है वहां एंजॉय करो, क्यों जा रहे हो खराब सड़क पर।




## विजयवर्गीय ने शकर खाने का मना किया और खाया मक्खन बड़ा

### कांग्रेस ने जारी किया वीडियो, कहा-थक चुके है मंत्री, राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विगत दिनों मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का वीडियो जारी हुआ था और कहा था कि शकर के दाम बढ़े है, लोगों को शकर नहीं खाना चाहिए, मैं भी नहीं खाता हूं और विधायक रमेश मेंदोला तो मिठाई की तरफ देखते भी नहीं है। इस बयान के बाद शहर, प्रदेश में चर्चा का विषय यह बयान बना, क्योंकि शकर महंगी हो चुकी है और रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व से लेकर कल रक्षाबंधन पर्व पर जमकर मिठाई बिकी। इधर कल शहर कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया ने वीडियो जारी कर कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय महंगी शकर खाने से लोगों को मना कर रहे है और खुद मक्खन बड़ा खा रहे है। हार्डिया ने बकायदा विजयवर्गीय का वीडियो भी जारी किया और यह भी कहा कि विजयवर्गीय अब जनता को मूर्ख समझना बंद करें, मंत्री पूर्व में भी भागीरथपुरा से लेकर अन्य मामलों में विवादित बयान दे चुके है। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा कि विजयवर्गीय अब बड़ी उम्र के कारण थक चुके है और उन्हें राजनीति से संन्यास भी ले लेना चाहिए।





## भाजपाइयों ने राखी बंधवाकर दिए उपहार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा इंदौर बायपास स्थित अनुभूति विजन सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। रक्षा सूत्र के बाद मिठाई खिलाई। गीत और उपहार का आयोजन भी किया गया। अजय कुशवाह ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. आयुषी देशमुख, चंचल सिलारिया,गीता कुशवाह, अशोक अधिकारी, रितेश तिवारी, नानूराम राठौड़, अजय शिरोके, सोनू सुनेने, डॉ. अजय जोशी, विजय कुशवाह, पीयूष गांधी मौजूद रहे।

## विजयवर्गीय परिवार का राखियों से भरा गया हाथ





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाबाश्री गार्डन गार्डन में विधानसभा एक का रक्षाबंधन पर्व राखी के एक दिन पूर्व आयोजित किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय-आशा विजयवर्गीय-आकाश विजयवर्गीय के हाथों में बहनों ने इतनी राखी बांधी कि राखियों से तीनों का हाथ भरा गया। अन्य नेता संजय शुक्ला, उमाशशि शर्मा, मेघराज जैन, अशोक चौहान, जयदीप जैन, भूपेन्द्रसिंह केसरी, देवेन्द्र इनानी, श्रेष्ठा जोशी, जगदीश गोयल, सतीश बैरागी, सावन वर्मा, मंजू ठाकुर, सुनीता जयपाल, गायत्री कुमावत, शीला गुप्ता, सुनीता पिपलिया, राजेश चौहान, राजा यादव, सतीश कौशल, रमाकांत गुप्ता, गोलू सेनी, नागेंद्रसिंह चौहान, राजेश बिंजवे,अन्ना सिंगारे, अमित पालीवाल,पारुल सोमानी, बंटी बूब, ललित निर्भाण, भोला यादव उपस्थित थे, इन्हें भी रक्षा सूत्र बांधे गए।

## कांग्रेसियों ने रेलवे स्टेशन पर बोला हल्ला

### दिया ज्ञापन, कहा चूहों और खटमल से दिलाओ यात्रियों को निजात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष और राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस का हल्लाबोल प्रदर्शन हुआ। रेलवे स्टेशन का घेराव कर केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय अधिकारी हरिराम मीणा, रवि बदवर को सौंपा। इस दौरान विगत दिनों ट्रेन में हुई चूहों द्वारा नाक कुतरने की घटना के अलावा ट्रेन के कुछ डब्बों में खटमल, गंदगी और खराब चादर, कम्बल पर भी चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। देवेन्द्रसिंह यादव, नीलेश सेन, राहुल धाकरे, विशाल चतुर्वेदी, कमलेश पाठक, दीपक मलोरिया रानू, नितिश भारद्वाज, शेख सलीम, बरकत खान, उस्मान गनी मुलतानी, अख्तर जावेद, राजू खान सहित अन्य मौजूद थे।



## शुक्ला देखते रहे भाई-बहन का प्यार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व विधायक विशाल पटेल कल रक्षाबंधन पर अपनी बहन अंजलि शुक्ला से रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने बाणगंगा स्थित पूर्व विधायक संजय शुक्ला के निवास पर पहुंचे और रक्षाबंधन का पर्व राखी-डोर बंधवाने के साथ हुआ। पूर्व विधायक संजय शुक्ला भाई-बहन के प्यार को देखते रहे।

## जोशी और सोनी का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मातृशक्ति मंडल ने यादवनंद नगर में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष निखिल सोनी की नियुक्ति पर सम्मान का आयोजन किया। पिंकी गोलू सोनी, रोहित यादव, शेलू दवे, शुभम सोलंकी, मंजू ठाकुर, शीला, बंटी ठाकुर, गोलू सैनी सहित अन्य मौजूद थे।



## सफाई मित्रों से बंधाई राखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने निवास पर सफाई मित्र बहनों से राखी बंधवाई। बहनों ने भी राखी बांधने के साथ महापौर के स्वस्थ और दीर्घायु की कामना की।

## बड़ी राखी अर्पण में मंत्री और विधायक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बजाज खाना व्यापारी पालरेचा परिवार ने बड़ी राखी खजराना गणेश मंदिर में बाबा को अर्पण की। वहीं बड़ा गणपति, छोटा गणपति मल्हारगंज, चिंतामण गणेश और बाबा महाकाल उज्जैन को भी बड़ी राखी अर्पण की गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मालिनी गौड, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता बतौर अतिथि मौजूद रहे।





## जिला कांग्रेस ने भी महंगाई के खिलाफ बजाया बिगुल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जिला कांग्रेस ने अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में जिले के 18 ब्लॉकों में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल और चीनी, आटा, तेल, गैस टंकी के बढ़ते दामों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर चीनी और गन्ना लेकर प्रदर्शन करते नजर आए, तो कहीं गैस सिलेंडर के साथ विरोध जताया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि यह सरकार सिर्फ आम जनता को ठगने का काम कर रही है। वहीं संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने भी सभी ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया था कि महंगाई के खिलाफ हर ब्लाक में बैनर-पोस्टर हाथ में लेकर प्रदर्शन करें।



# मोदीजी की नसिया और रामाशाह मंदिर के ट्रस्टियों का चयन कल दोपहर में होगी साधारण सभा, 82 पुराने सदस्य चुनेंगे 7 ट्रस्टी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दिगम्बर जैन समाज से जुड़ी मोदीजी की नसिया और श्री दिगंबर जैन पंच लश्करी गोठ ट्रस्ट रामशाह मंदिर के लिए कल दोपहर 3 बजे से 7 आजीवन ट्रस्टी चुनने का काम 82 आजीवन पुराने सदस्य करेंगे। इस संस्था से जो यह सदस्य बने हैं, यह पारिवारिक परम्परागत है, किसी सदस्य का निधन होता है तो उन्हीं के परिजन वापस सदस्य बनते हैं। अभी तक इन 7 ट्रस्टियों को चुनने की परम्परा साधारण सभा में की जा रही थी। कुछ लोगों का विरोध था इसलिए अब इन 7 ट्रस्टियों के लिए नाम भी लिए जाएंगे और साधारण सभा में रखे जाएंगे। आवश्यक होने पर कल 82 सदस्य अपने मत का उपयोग भी कर सकते हैं इसके लिए बकायदा चुनाव अधिकारी निर्मल जैन, कमल गदिया को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि मोदीजी की नसिया संस्थान के अलावा रामाशाह जैन मंदिर मल्हारगंज का संचालन भी यही ट्रस्ट करता है, दोनों प्राचीन होकर दिगम्बर जैन समाज के लिए महत्वपूर्ण संस्थान हैं इसलिए इंदौर के सभी दिगम्बर जैन समाजजनों की कल 7 ट्रस्टियों के चुनाव पर निगाह लगी हुई है। अभी नीरज मोदी कार्यकारी अध्यक्ष का भार संभाले हुए हैं।

## कुशवाह प्रभारी बने तो बंटी मिठाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विधानसभा 4 के वार्ड 67 से जुड़े भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर में दायित्व निभा चुके जीतू कुशवाह को जिला ग्रामीण भाजपा में पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रभारी बनाया तो कल उनका ढोल, ताशा बजाकर आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण भी वेंकटेश मंदिर चौराहा छत्रीबाग में किया गया। इस दौरान निखिल सोनी, राम गुड़ेले, जयंत दुबे, राकेश सोमवत, शुभम सोलंकी, मनोज पाल, महेश चौहान, उदित लोधा, शैलेष ढोलवे, आशीष सोलंकी, पप्पू राव, सल्लू कुरैशी, मोहित शर्मा मौजूद थे।



## आज उपपंजीयक कार्यालय खुलने के आदेश में परिवर्तन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भोपाल से वरिष्ठ अधिकारी ने पत्र जारी कर कहा कि शनिवार 29 अगस्त को पंजीयन कार्यालय खोले जाएंगे, फिर आदेश जारी हुआ कि उपपंजीयक कार्यालय आज बंद रहेंगे। इस पर एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि सभी जानते है कि मप्र में शासकीय कार्यालय सामान्य रूप से शनिवार को बंद रहते हैं। शनिवार 29अगस्त को है और अभी रजिस्ट्री कार्यालय में भीड़ भी नहीं है और ना ही त्यौहार का सीजन एवं ना ही वित्तीय समापन माह फिर ऐसा आदेश फिर बदलाव क्यों?

# साढ़े 14 लाख देकर टेक्सटाइल फेयर का मुख्य प्रायोजक बनने का आज अंतिम दिन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**28 सितम्बर से होलसेल कपड़ा बाजार में पांच दिवसीय इन्दौर टेक्सटाइल ट्रेड फेयर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। मार्केट परिसर में स्थित दोनों चौक में स्टाल लगाए जाएंगे। मुख्य प्रायोजक बनने के लिए साढ़े 14 लाख रुपये के साथ जीएसटी अलग चुकाना होगा। लाटरी के माध्यम से प्रायोजक आवंटित होंगे।**

कपड़ा मार्केट के गोवर्धन चौक में 2 हजार स्क्वेयर फीट का एक डोम बनाया जाएगा जिसे टेक्सटाइल ट्रेड फेयर के मुख्य प्रायोजक को आवंटित किया जाएगा। इसके लिए आज शाम 5 बजे तक आवेदन दे सकते है। जिसके बाद लाटरी के माध्यम से मुख्य प्रायोजक निर्धारित होगा। फेयर में कई उपहारों की योजना भी है। लक्की ड्रा के माध्यम से खरीददार व्यापारी लाभान्वित होगा। 20 हजार रुपये की खरीदी पर 200 रुपये का कूपन दिया जाएगा। महावीर चौक में भी 11 स्टाल लगाए जाएंगे, जिसके लिए भी साइज और दर निर्धारित की गई है। इसके लिए भी आज आवेदन का अंतिम दिन है।

## कांग्रेस से शेख शाकिर मसूदी ने की टिकिट की अपील

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव में इंदौर के वार्ड 53 आज़ाद नगर से पार्षद का टिकिट शेख शाकिर मसूदी ने मांगा है। मसूदी ने कहा कि वे कांग्रेस के शहर, ब्लाक और प्रदेश के अल्पसंख्यक में भी पदाधिकारी रह चुके है। मसूदी ने बताया कि 15 साल पहले मैंने आज़ाद नगर वार्ड 53 से जब वार्ड महिला आरक्षित हुआ तो पार्षद पद के लिए मेरी पत्नी सलमा बी का टिकिट मांगा था और नामांकन भी दाखिल किया था। वरिष्ठ नेताओं के कहने पर नामांकन भी वापस ले लिया था। इस बार टिकिट पुरुष होने पर शेख शाकिर को और महिला होने पर सलमा बी को दिया जाए।

# झमाझम के इंतजार में बीता सावन...भादौ से उम्मीद

### 2 से 3 दिनों तक ऐसा ही बना रहेगा धूप-छांव का मौसम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल रक्षाबंधन पर्व के साथ ही श्रावण मास का समापन हो गया। श्रावण मास जुलाई के अंतिम सप्ताह में शुरू हुआ था तब अगस्त माह में झमाझम बारिश की उम्मीद की जा रही थी। शहर का कोटा अभी आधा भी नहीं हुआ है। ऐसे में बारिश अब चिंता का विषय बनी हुई है। श्रावण मास में रिमझिम बारिश होती है। इस बार श्रावण के पहले भी कोई खास बरसात नहीं हुई थी इसलिए श्रावण मास में झमाझम बारिश का इंतजार था, लेकिन पूरे माह में 3 इंच बारिश हुई है जिसमें दो दिन पूर्व एक रात में 1 इंच बरसात हुई, इसके अलावा पूरे मास में तेज बारिश नहीं हुई। अब भादौं मास में झमाझम की उम्मीद है। जिले के तालाबों का जलस्तर अभी भी गिरा हुआ है। इधर मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभी दो से तीन दिन तक धूप-छांव का माहौल बना रहेगा, कभी धूप तो कभी बदली की छाव बनी रहेगी। बीच-बीच में कभी पानी की बौछार भी आएगी तो कभी मोटी बूंदे भी पानी की गिर सकती है, लेकिन तेज पानी की संभावना अभी तीन दिन राजेन्द्र शर्मा ने नहीं बताई।



## छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने को लेकर ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से शुरू करवाओ समिति एवं कालेजों में प्रत्याक्ष प्रणाली चुनाव के लेकर राज्यपाल के नाम उच्च शिक्षा विभाग अधिकारी डॉ. किरणबाला सलूजा को ज्ञापन सौपा। जीतू दीवान, सचिन सेन, आशुतोष मिश्रा, ध्यानसिंह चौहान, सफदर नकवी, शेख समीर, असीम खान, मनोज शर्मा, मीत धारीवाल, महबूब खान, नरेंद्र अग्रवाल, नियाजउद्दीन अंसारी, गायत्री अवस्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

## यादव ने निकाला तो पुराने समर्थक ने लिख दी पटवारी को चिट्ठी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने अपने संगठन राजीव विकास केन्द्र से आरोप-प्रत्यारोप के साथ अली असगर भोपाल वाला को दो आरोप लगाकर पद से हटाया। इस पर अली असगर भोपालवाला ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को चिट्ठी लिखी। जिसमें बताया कि मेरे विरुद्ध दो आरोप लगाए गए है। अली असगर ने कहा कि मैंने कभी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की, मैं हमेशा गरीब लोगों की मदद करता हूं, मेरे ऊपर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाए, मैं कांग्रेस का वफादार कार्यकर्ता हूं।

# विकास की रफ्तार में जल्द बनेगी एयरो सिटी दो फ्लाईओवर को भी मिल सकती है मंजूरी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर विकास प्राधिकरण अपनी योजना 172 के अन्तर्गत सुपर कारिडोर से लेकर विमानतल क्षेत्र में 25 एकड़ भूमि पर एयरो सिटी विकसित करने के प्रस्ताव को आगामी योजना में मंजूरी दे सकता है। यह मंजूरी मिलती है तो प्राधिकरण द्वारा विकास की रफ्तार को तेज कर एयरो सिटी बनाने का काम किया जाएगा। इस क्षेत्र में दो फ्लायओवर को मंजूरी दी जा सकती है। यातायात जक्शन रोबर्ट चौराहा और रेडिसन चौराहा पर भी प्रस्तावित फ्लाय ओवर के निर्माण को लेकर प्राधिकरण टैंडर प्रक्रिया जारी कर सकता है। प्राधिकरण की बोर्ड बैठक होने वाली है। एयरो सिटी में बड़े भूखंड विकसित कर होटल उद्योग, आईटी सेक्टर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य गतिविधियों के लिए जमीन उपलब्ध कराने की योजना है। इससे एयरपोर्ट क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार और निवेश के नए अवसर भी बनने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सुपर कारिडोर क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर बड़े रूप में बनाया जाएगा। हजारों लोगों के बैठने की क्षमता होगी। यह योजना पीपीपी मॉडल के तहत प्रस्तावित है। इसमें करीब 17 हेक्टेयर जमीन लगेगी, इस सेंटर के साथ होटल, कार्पोरेट और अन्य व्यवसायिक गतिविधियां विकसित की जाएगी। 6 हेक्टेयर भूमि व्यवसायिक गतिविधियों के लिए प्रस्तावित है। पहले भी प्राधिकरण टेंडर प्रक्रिया कर चुका है, लेकिन लोगों की रुचि नहीं दिखी थी। बोर्ड मीटिंग में अलग-अलग योजनाओं के व्यवसायिक भूखण्ड के विक्रय और टेंडर से जुड़े प्रस्ताव भी रखे जाएंगे।

## हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन पर्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल शहर के लगभग हर घर में हर्षोल्लास से रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। ग्रहण, भद्रा जैसे कोई भी कारण नहीं होने के कारण पूरे दिन बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने भी बहन को रक्षा का वचन दिया। कुछ शोक वाले परिवारों में भी रक्षाबंधन पर्व अपनो को याद करते हुए मनाया गया। देर रात तक घरों के अलावा शहर के रेस्टारेंट, चोपाटी, आइस्क्रीम पार्लरों पर पारिवारिक माहौल नजर आया।

# जितने बिजली कनेक्शन उतने संपत्ति कर खाते अभियान में निगम को मिली सफलता

## बढ़ेगा नगर निगम का संपत्ति कर एक ही झोन में मिले 400 खाते

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम के संपत्ति कर खाते और शहर में बिजली कनेक्शन की संख्या में भारी अंतर को लेकर पिछले दिनों नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बिजली कंपनी से कनेक्शन की सूची मांगी थी जिसमें व्यावसायिक और आवासीय उपयोग के अलग-अलग कनेक्शन की जानकारी दी गई थी लेकिन यह सूची नगर निगम के आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति कर खातों से मिलान नहीं खाती थी जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नगर निगम द्वारा संपत्ति कर खाता खोलने में गड़बड़ी की गई है या फिर कहीं ऐसी संपत्तियां हैं जिनके खाते नहीं खोले गए हैं और नगर निगम को टैक्स नहीं मिल रहा है जिससे प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान निगम को उठाना पड़ रहा है इसी आर्थिक हानि को खत्म करने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के 85 वार्डों में संपत्तियों का सर्वे करवाया गया। यह सर्वे बिजली कंपनी के विद्युत कनेक्शन के अनुसार किया गया जिसमें अब नगर निगम को भारी सफलता मिलती दिखाई दे रही है।।

राजस्व विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि नगर निगम के सभी 22 जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों और उनके स्टाफ द्वारा संपत्ति कर खातों का सर्वे किया गया था, जो लगभग पूर्ण होने वाला है। सभी जोनल कार्यालय से अंतिम रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं, इसके बाद पूरे शहर में बिजली कनेक्शन और संपत्ति कर खातों की जानकारी स्पष्ट तौर पर सामने आ जाएगी जिससे यह पता चलेगा कि सर्वे के बाद भी ऐसे कितने कनेक्शन है जो सर्वे टीम नहीं पकड़ सकी लेकिन इससे राजस्व में भारी वृद्धि होगी क्योंकि सर्वे के दौरान ऐसी संपत्ति कर खाते भी सामने आए हैं जिसमें वास्तविक प्लाट का टैक्स कम करके जमा किया जा रहा है। क्योंकि मौके पर प्लांट के साइज और नगर निगम में जमा किए जाने वाले टैक्स की राशि में अंतर मिला है। उदाहरण के तौर पर यदि नगर निगम के जोन क्रमांक 8 की बात की जाए तो यहां लगभग 400 संपत्ति कर खातों में अंतर पाया गया है। सूत्रों के अनुसार 300 खाते ऐसे मिले हैं जिनका टैक्स तो आवासी जमा हो रहा था लेकिन मौके पर व्यावसायिक उपयोग होना पाया गया है। इसके अलावा सौ ऐसे प्वाइंट मिले हैं जहां का अभी तक खाता नहीं खोला गया था उसकी संख्या सौ है। इस तरह से 400 खातों में त्रुटि सुधार करके निगम को अच्छा खासा राजस्व मिलेगा। इसी तरह यदि औसत तौर पर 1 जोन में 300 संपत्ति कर के नए खाते खोले जाते है तो 25000 से अधिक नए खाते खोल दिए जाएंगे जिससे नगर निगम का राजस्व लगभग दो से ढाई करोड रुपए बढ़ जाएगा। यह राशि अभी और भी बढ़ सकती है। नगर निगम के अधिकारी भी अब तेजी से आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति कर की राशि जमा करवाने पर विचार कर रहे है। लंबे समय से नगर निगम द्वारा सुविधा दी जा रही है लेकिन टैक्स जमा नहीं किया जा रहा। जल्द ही शहर के पूरे 85 वार्डो से नए खातों से वसूली शुरू कर दी जाएगी।

# मूसाखेड़ी के जन विश्वास शिविर में सड़क की समस्या और पानी की गूंज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आज मूसाखेड़ी के नगर निगम जोनल कार्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सड़क की समस्या और पानी की समस्या की गूंज हुई। अधिकारियों के द्वारा कई बार निर्देश दे दिए जाने के बावजूद यहां की सड़क की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

**अधिकारी कई बार निर्देश दे चुके लेकिन नहीं सुधर रही है सड़क**

मूसाखेड़ी के जोनल कार्यालय पर आयोजित शिविर में इस जोनल कार्यालय के क्षेत्र में आने वाले 4 वार्ड रखे गए हैं। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या मूसाखेड़ी चौराहे पर बन रहा फ्लाईओवर ब्रिज है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण के कारण पूरा यातायात सर्विस रोड पर शिफ्ट किया गया है। इस सड़क पर गाड़ियों का दबाव तो बहुत बढ़ गया है लेकिन सड़क के हालात बहुत ज्यादा खराब है। यह फ्लाईओवर ब्रिज मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा बनाया जा रहा है। पूर्व में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और कलेक्टर शिवम वर्मा कई बार इस क्षेत्र का दौरा करते हुए एमपी आरडीसी के अधिकारियों को सर्विस रोड को सही करने का निर्देश दे चुके हैं लेकिन अभी तक यह सर्विस रोड सही नहीं हुई है। इसके साथ ही पूरे मूसाखेड़ी क्षेत्र में पानी के संकट और नल में गंदा पानी आने की समस्या बनी हुई है। इस समस्या की नागरिकों के द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है। इस समस्या के समाधान के लिए विराटनगर में नई पानी की टंकी का निर्माण भी किया गया है। इस टंकी से पानी का सप्लाई अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इन प्रमुख मुद्दों पर क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा इस शिविर में अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाएगा और उनके समाधान की मांग की जाएगी। इन समस्याओं का कोई समाधान इस समय अधिकारियों के हाथों में नहीं है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधि भी इन समस्याओं को सुलझाने की स्थिति में नहीं है।

# कलेक्टर कार्यालय की रिटायर्ड कर्मचारी के घर 15 दिन से बिजली नहीं

## महिला ने लगाई गुहार तो कलेक्टर ने मंजूर किए 40000 रु.

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कलेक्टर कार्यालय के सेवानिवृत होकर दिवंगत हो चुके कर्मचारी के घर पर पिछले 15 दिन से बिजली नहीं है। बिजली के बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण बिजली कंपनी के द्वारा बिजली काट दी गई है। इस मामले में कर्मचारी की पत्नी के द्वारा गुहार लगाई जाने पर कलेक्टर ने 40000 रु. की आर्थिक सहायता मंजूर की है।

यह पूरी घटना कलेक्टर शिवम वर्मा की इंसानियत को बयां करती है। कलेक्टर कार्यालय में गरीब परिवार की एक महिला मानिक बाग रोड निवासी छाया कदम अपनी बेटी वर्षा के साथ कलेक्टर से मिलने आई और उसने कहा कि उसके पिताजी यहां पर अपर कलेक्टर कैलाश वानखेड़े की गाड़ी चलाते थे। उनका निधन हो गया। अब परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। वह घर का बिजली का बिल भी नहीं भर पा रही हैं। बिजली का बिल 48000 रु बकाया हो जाने पर उनके घर की बिजली 15 दिन से काट दी गई है। महिला ने कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई। कलेक्टर ने यह कहते हुए वर्षा को किसी भी तरह की मदद करने से मना कर दिया कि बिजली के बिल के लिए किसी तरह की मदद नहीं कर सकते हैं।

कलेक्टर ने वर्षा को मना तो कर दिया लेकिन उनका मन नहीं माना। उन्हें शाम को जब यह याद आया तो उन्होंने अपने पीए को फोन लगाकर कहा कि भले ही बिजली के बिल के लिए उस महिला की मदद नहीं कर सकते लेकिन किसी दूसरे रूप में उस महिला की मदद कर दीजिए। जिला कलेक्टर का निर्देश पाते ही महिला की मदद करने की कार्यवाही प्रारंभ हो गई और महिला को रेड क्रॉस से 40000 रु. की मदद मंजूर की गई। वैसे भी कलेक्टर के पास आर्थिक रूप से मदद मांगने के लिए आने वाले लोगों की हमेशा भीड़ लगी रहती है। मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में तो इस तरह के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। किसी को शिक्षा के लिए पैसा चाहिए होता है तो किसी को इलाज के लिए पैसा चाहिए होता है। वैसे यह पहला मौका था जब कोई बिजली का बिल भरने के लिए कलेक्टर से मदद मांगने पहुंचा था।

# पालीवाल समाजजनों ने किया रुद्राभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पालीवाल समाज 24 श्रेणी ने पूरे सावन मास हेमंत पालीवाल के माध्यम से समाजजनों के लिए नागेश्वर शिव मंदिर समाज भवन पर रुद्राभिषेक का आयोजन कराया। कल रुद्राभिषेक के बाद



आयोजन की पूर्णाहुति की गई। राकेश जोशी, ललित पुरोहित, पंकज पुरोहित, महेश पुरोहित, प्रथम जोशी, बाबूलाल पालीवाल, सतीश जोशी, सुरेश जोशी, अखिलेश जोशी सहित अन्य मौजूद थे।



# जन संगठनों का प्रदर्शन, निकाला जुलूस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महंगाई के खिलाफ जनसंगठन और ट्रेड यूनियन ने राजबाडा पर प्रदर्शन कर जुलूस निकाला। शकर, तेल, आटा, पेट्रोल सहित अन्य वस्तुओं पर बढ़े दाम को बैनर पोस्टर पर विरोध स्वरूप उकेरा। श्याम सुंदर यादव, सी.एल. शर्रावत, रामस्वरूप मंत्री, राहुल निहोरे, अरुण चौहान, मनोज हाड़िया, कैलाश लिंबोदिया, रुद्रपाल यादव, सोनू शर्मा, हरिओम सूर्यवंशी, सुमित सोलंकी, भागीरथ कछवाह मौजूद थे।

# बड़ा बांगड़दा व नैनोद की निगम की मल्टियों में उखड़ गया प्लास्टर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**नगर निगम के द्वारा बड़ा बांगडदा और नैनोद में बनाई गई बहु मंजिला इमारत में प्लास्टर उखड़ गया है। इसके कारण इन बिल्डिंगों में रहने वाले लोग परेशान हो रहे हैं और नगर निगम से बिल्डिंग की मरम्मत किए जाने की मांग कर रहे हैं।**

केंद्र सरकार की जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण योजना के तहत इंदौर नगर निगम के द्वारा इन दोनों क्षेत्रों में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया गया था। इस निर्माण की गुणवत्ता अच्छी नहीं होने के कारण अब इन बिल्डिंग में स्थित 2000 से ज्यादा फ्लैट में रहने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। जब निगम के द्वारा यह बिल्डिंग बनाई गई थी तो इसमें 800 फ्लैट तो निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को दिए गए थे। इसके अलावा सड़क पर कचरा बीनने वाले लोगों को 600 फ्लैट दिए गए थे। इसके अतिरिक्त करीब 700 फ्लैट गरीब नागरिकों को आवंटित किए गए थे। यह सभी लोग अभी इमारत में ही रह रहे हैं। अब इमारत की स्थिति खराब हो गई है। इन इमारत में जगह-जगह प्लास्टर उखड़ने लगे हैं। इसके साथ ही लोगों को भवन में सुरक्षित तरीके से रहने में समस्या आने लगी है। इस स्थिति की शिकायत इन इमारत में रहने वाले लोगों के द्वारा इंदौर नगर निगम में की गई है। यह शिकायत करते हुए इन नागरिकों के द्वारा यह मांग की गई है कि नगर निगम के द्वारा इन इमारत का मेंटेनेंस किया जाए। मरम्मत करते हुए नगर निगम इन इमारत के फ्लैट में आ रही समस्याओं का समाधान करें।

## नहीं है कोई प्रावधान

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण योजना के तहत गरीब वर्ग के लिए निर्मित की गई इन इमारत के मरम्मत करने के लिए नगर निगम के पास कोई प्रावधान ही नहीं है। वैसे भी नगर निगम जहां भी इमारत बनाता है तो वहां इमारत बनाने और उसके फ्लैट आवंटित करने के बाद उसमें कहीं कोई रुचि नहीं लेता है। जिन इमारत में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधा नहीं होती है तो वहां पर यह सुविधा जरूर उपलब्ध करवाता है।

## संशय में पड़ गए अधिकारी

लोगों के द्वारा की जा रही मरम्मत की मांग के बाद निगम के अधिकारी संशय में पढ़ गए हैं। वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इन समस्याओं का समाधान किस तरह से किया जाए। इन अधिकारियों के द्वारा वर्तमान में लाइटहाउस प्रोजेक्ट में आ रही शिकायतों का समाधान करने के लिए तो पहल की जा रही है क्योंकि यह इमारत वर्तमान में प्रचलित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ही निर्मित की गई है।



## रणजीत बाबा को बड़ी राखी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रक्षाबंधन पर कल रणजीत हनुमान मंदिर पर बाबा को बड़ी राखी कैलाश सिकरवार और उनके परिजनों ने पुजारी दीपेश व्यास के हाथों से अर्पण कराई। उक्त जानकारी विजय श्याम भांगडिया ने दी। इस दौरान धीरेन्द्र शुक्ला भी मौजूद थे।

## मठ पर 300 साधकों का यज्ञोपवित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावणी उपाकर्म अनुष्ठान में स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में 300 से अधिक साधकों ने भाग लेकर नए यज्ञोपवीत धारण किए।



## ड्रेनेज का गंदा पानी रोड पर निकाला

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना जोन-10 के वार्ड क्रमांक 39 स्थित शालीमार कॉलोनी में आटा चक्की के सामने ड्रेनेज लाइन चौक होने से रहवासियों की परेशानी बढ़ी तो एक रहवासी ने बाल्टी भर-भर के ड्रेनेज का गंदा पानी बाहर निकाला और फिर ड्रेनेज लाइन की सफाई भी की। लोगों ने कहा कि पानी घरों में घुस रहा था जिसकी जानकारी ड्रेनेज विभाग और झोन को भी की थी, कोई संज्ञान नहीं लेने पर रहवासियों ने खुद ड्रेनेज सफाई का अभियान चलाया। उक्त जानकारी सलीम पठान ने दी।




## भूतेश्वर की बिल्व पत्रों से पूजा आयोजन पर आज पूर्णाहुति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के पहले दिन से चल रहे सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग की पूर्णाहुति आज की जा रही है। अब तक पूरे 30 लाख बिल्व पत्र समर्पित किए जा चुके हैं। आज भी बड़ी संख्या में भूतेश्वर बाबा के भक्त आयोजन में मौजूद है।



## पार्थिव शिवलिंग और रुद्राक्ष वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कालानी नगर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज में श्रावण मास से चल रहे शिव आराधना अनुष्ठान की श्रावण पूर्णिमा पर पूर्णाहुति हुई। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया गया। बबलू भदौरिया, गोविन्द अवस्थी, डाकारसिंह दीक्षित, अजय अवस्थी, दीपू मिश्रा, बब्बी पांडे, लाला शुक्ला, जय सिंह चौहान, गिरजाशंकर शुक्ला, बिंदा मिश्रा, ओम अवस्थी, बंटू ठाकुर, सुजीत तिवारी, करण सिंह तोमर, शुभ अवस्थी, सारांश शुक्ला, लक्ष्मण सिंह चौहान, सोनू नामदेव, आकाश तोंडे सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## काका हाथरसी पुरस्कार समारोह एवं कवि सम्मेलन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में काका हाथरसी पुरस्कार समारोह 2 सितम्बर को प्रीतमलाल दुआ सभागार में शाम 7 बजे से होगा। व्यंग्य कवि अशोक भाटी को सम्मान प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के बाद कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। डॉ.पंकज विरमाल, संजय श्रीमाल ने बताया कि अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, दिलीप राजपाल, सुभाष खंडेलवाल, अर्पित चौपडा जैन, एसएन गोयल, अजय चौरडिया होंगे। डॉ.राजकुमार रंजन,रजिया बेगम जिया, मिथुन मिथिलेश डॉ.ममता सिंह काव्य पाठ करेंगे।



## भोलेनाथ को अर्पण की तीन फीट की राखी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिवधाम परदेशीपुरा में भोलेनाथ को तीन फीट की राखी जिसमें गौरीशंकर और 12 ज्योतिर्लिंग दर्शाए गए थे। यह राखी संजय चौधरी परिवार ने बाबा को अर्पण की।

## मेहता की नियुक्ति पर बधाइयां

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट डॉ. हर्ष मेहता को अखिल भारतीय श्री



सौधर्म ब्रहदतपागच्छिय त्रिस्तुतिक श्रीसंघ का प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ बनाया गया। नियुक्ति पर स्वप्निल कोठारी, दीपक जैन (टीनू), सुजान सेठ, जयसिंह जैन ने बधाई दी।



## श्रावणी उपाक्रम आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नर्मदा शिप्रा संगम स्थल पर ब्राह्मण समाज संगठन मूसाखेडी ने श्रावणी उपाक्रम आयोजन किया। नूतन यज्ञोपवीत धारण किए। जसराज शर्मा, विनोद शास्त्री,जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज, ब्रजकिशोर शर्मा, मनोज पांडे, पुष्पेन्द्र रिछारिया, अंकित पाठक मौजूद थे।

## नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर जिला जेल में रक्षाबंधन के त्यौहार पर नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा की गई। ब्रह्माकुमारी संगीता दीदी, दिलीप राजपाल, डॉ. विजय सालवीय, रौनक शाह सहित अन्य मौजूद थे।



## शायर अबरार ने की रूबरू में मुलाकात



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शायर अबरार अहमद काशिफ़ ने स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश के प्रोग्राम 'रूबरू' में शिरकत कर मीडिया से चर्चा की। स्वागत दीपक असीम, प्रवीण खारीवाल, आकाश चौकसे, समीर खान, महबूब कुरैशी, मेहदी मंसूर खान ने किया।



## हनुमंत खेड़ापति आश्रम में हवन-पूजन-महाआरती

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजगुरु महाराज के सान्निध्य में शिवनगर तिल्लौर खुर्द मार्ग स्थित हनुमंत खेड़ापति आश्रम, पिपलिया लोहार में पिछले माह से सावन महोत्सव एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा था जिसका समापन किया गया। हवन-पूजन, महाभिषेक, महाआरती, गुरुदीक्षा एवं भंडारा का आयोजन भी हुआ।

## कलेक्टर ने आश्रम पहुंचकर मनाया रक्षाबंधन पर्व

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल रक्षाबंधन पर राजकीय बाल संरक्षण आश्रम, छावनी पहुंचकर रक्षाबंधन का पर्व यहां मौजूद बालिकाओं के साथ मनाया। इन बालिकाओं को उपहार भी दिए गए।



# जीएससी फ्रेंड्स सर्कल का मिलन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



जीएससी फ्रेंड्स सर्कल के सदस्यों का पारिवारिक मिलन आयोजित हुआ। पांच दशक पुरानी मित्रता के इस विशेष अवसर पर करीब 40 मित्रों ने परिवार सहित 'हंसो-हंसाओ, रोग भगाओ' थीम पर गीत-संगीत, नृत्य और कविता का आयोजन किया। अनिल जोशी, सतीश किरण शर्मा, प्रदीप जौहरी, विमल प्रजापत, योगेश रघुवंशी, सीता बंसल, प्रेरणा गोयल, रेखा जौहरी, चंद्रा प्रजापत, अमिता रघुवंशी, अल्पना दवे, अनिल भटेवरा, उमेश दवे, सुरेंद्र बंसल, केदार मनीषा शर्मा, डॉ. जिनेन्द्र सेठिया, अनुपमा भटेवरा, स्मिता जौहरी, राधेश्याम उर्मिला कुईया, अनिल कृष्णा व्यास, नरेश सुप्रिया कोठारी, उमेश अलका दलवी, किरण मांजरेकर और डॉ. दिलीप सिंधु वागेला, अनिल जौहरी, दिनेश गोयल, डॉ. संजय काले मौजूद थे।



## बीएसएफ के जवानों को राखियां भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रक्षाबंधन पर पिंक फ्लावर स्कूल की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने हस्तनिर्मित राखियां बनाई और फिर यह राखियां बीएसएफ के मैजर नीरज श्रीवास्तव को एक राखी बांधी और बाकी राखियां भेंट की। इस दौरान शांता सोनी, एकता सोनी, दीक्षा महाजन, मयूरी गुप्ता सहित अन्य मौजूद थी।

## नारायण गुरुदेव की जयंती मनाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री नारायण समाजम ने नारायण गुरुदेव की जयंती मनाई। सांस्कृतिक, धार्मिक प्रस्तुतियां भी दी। इस दौरान वीके मोहम्मद, शिव गिरि, प्रो. डॉ. नारायण शंकर गड़दे, एमए राधाकृष्णन सहित अन्य मौजूद थे।

## खेड़ापति मंदिर में आज पाठ की पूर्णाहुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधीनगर स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में आयोजित जनकल्याण अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति आज दोपहर से की जा रही है। अमित तिवारी ने बताया कि पूर्णाहुति के बाद आरती भी की जाएगी।



## निष्काम कर्मयोगी अवार्ड से सम्मानित राजगुरु

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने डॉ. राजेंद्र राजगुरु को क्रिकेट और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, निष्ठावान एवं समर्पित योगदान के लिए 'निष्काम कर्मयोगी अवार्ड' से सम्मानित किया।

# विश्वकर्मा समाज मनाएगा भगवान का पूजा दिवस महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रांतीय विश्वकर्मा पांचाल समाज महासभा द्वारा गांधी हॉल में 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मातृशक्तियों का सम्मान, वरिष्ठ समाजसेरियों का सम्मान होगा। विकास गोष्ठी, भजन, पूजन, संगीत के आयोजन भी होंगे। शाम 4 बजे से होने वाले इस आयोजन में सांसद, विधायक, पार्षद को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन से रमेश विश्वकर्मा, सुरेश पांचाल, गयाप्रसाद विश्वकर्मा, रामेश्वर पांचाल, प्रमोद विश्वकर्मा, रामजतन विश्वकर्मा, दिलीप पांचाल, मदनलाल पांचाल, उकास विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, मदनलाल विश्वकर्मा, बीआर विश्वकर्मा, पवन पांचाल, एमएल विश्वकर्मा, नेकीलाल विश्वकर्मा, कैलाश पांचाल, राम पांचाल, ओमप्रकाश चितरोड़े, विनोद विश्वकर्मा, अरुणानन्द महाराज, दिलीप राजपाल, श्या मपांचाल, विवेक मारकन, मोतीलाल विश्वकर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, शदर शर्मा, रामबाबू शर्मा, रामअवतार शर्मा सहित अन्य जुड़े हुए हैं।



## पेड़ को बांधी राखी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राकेश जायसवाल, अशोक काले ने बताया कि महालक्ष्मी नगर वार्ड 37 में पेड़ को राखी बांधने का अभियान चलाया।

## आज शाम कव्वाली और गजल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कव्वाल इस्माइल साबरी और टीम आज शाम 7 बजे से हिन्दी साहित्य समिति में कव्वाली और गजल प्रस्तुत करेंगे।

# मनकामनेश्वर मंदिर में भजन संध्या का समापन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पारसी मोहल्ला स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसका समापन भी हुआ। मोहन पंडित, बंटी दीक्षित, अभिषेक अग्रवाल, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार सहित अन्य मौजूद थे। कीर्तन पर नृत्य किया गया। पुलिसकर्मियों ने भी कीर्तन के नृत्य पर साथ में शिरकत की।



# जैन परिवार ने भी किया सामूहिक आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नारायण-रामबाग क्षेत्र में रहने वाले जैन सांड परिवार ने भी सामूहिक रूप से रक्षाबंधन का पर्व मनाया। जीव दया का संकल्प भी लिया। राजेन्द्र जैन ने बताया कि इस महापर्व को एक ही जगह पर सामूहिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। 4 भाई, 1 बहन, 3 भांजे के परिवार के 54 सदस्य रक्षाबंधन पर एक छत के नीचे मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से एक साथ भोजन भी किया।



## स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मांगों पर ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर सीएमएचओ कार्यालय पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर माधव हासानी को समयमान एरियर पेंशन, अनुकंपा, जीपीएफ आदि मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया। महेश गोठवाल, कमलेश सिंह, पवन शर्मा, कमल मिमरोट, शिवाजी गायकवाड़, मनोज मेहना, संदीप धौलपुरे, राजेश गौड, बैजू परदेशी, धर्मेंद्र पाठक, मनीष घनघोरिया, महेंद्र पथरोड, गौरव सोलंकी, गौरव गवते, अजय राठौर, रितेश बानोदिया मौजूद थे।

# अब क्यूआर कोड से भी लेंगे बिजली बिल भुगतान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा अब उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान को लेकर एक और सुविधा दी गई है। अब कंपनी के डोर टू डोर बिजली बिल संग्रहण एजेंट क्यूआर कोड के माध्यम से भी उपभोक्ताओं से बिजली बिल रकम प्राप्त करेंगे, यह बिजली बिल राशि सीधे बिजली कंपनी के खाते में जमा होगी। कंपनी की इस सुविधा से हजारों एजेंटों के माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी, उन्हें कैशलेस छूट भी दी जाएगी।





# भस्म आरती का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के तहत श्रावणी पूर्णिमा पर कल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भस्म आरती का आयोजन किया गया। श्मशान घाट से भस्म लाई गई थी और यह धार्मिक आयोजन 3 घंटे तक चला। जीवंत झांकी भी सजाई गई, सभी देवालयों में पूजन-अर्चन किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट भी अलग-अलग समय पहुंचे थे। टीकमचंद गर्ग, बीके गोयल, संदीप गोयल, सुशील प्रजापति, हेमंत अग्रवाल, परमानंद वालेचा, वरुण मंगल मौजूद थे।

## आनंद गुरु का निधन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालगंज चौराहा-वीर हनुमान मंदिर के पुजारी आनंद गुरु का निधन हो गया। मंदिर से जुडे भक्त मंडली ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## भजन गायक हुरकट ने दी पिता की स्मृति में 1 लाख की निधि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भजन गायक राम हुरकट और उनका परिवार प्रदेश के खिड़किया से जुडे है। राम हुरकट ने अपने पिता लक्ष्मीनारायण हुरकट पिल्लू सेठ की स्मृति में माहेश्वरी भवन निर्माण में सहयोग राशि के रूप में खिडकिया समाज को 1 लाख 1 हजार रु. की आर्थिक निधि भेंट की। हुरकट ने बताया कि वे भवन निर्माण के लिए और भी राशि एकत्र करवाने का प्रयास कर रहे है। खिड़किया माहेश्वरी समाज के पूनमचंद सोनी, आशुतोष कोठारी, गिरिराज माहेश्वरी ने इस कार्य पर हुरकट को साधुवाद दिया है।

## माहेश्वरी घराना और कुटुम्ब लगाएगा थायराइड निजात शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



माहेश्वरी घराना और माहेश्वरी कुटुंब द्वारा संयुक्त रूप से माहेश्वरी समाजजनों के साथ मिलकर एक दिवसीय थायराइड निजात शिविर के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर महेश नगर मांगलिक धर्मशाला में रविवार 6 सितम्बर को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अपाइंमेंट बाद ही यह शिविर आयोजित किया जाएगा। बिना दवाई गोली के सिर्फ एक बार में थायराइड को जड़ से खत्म करने हेतु विशेष रूप से राजेंद्र जैन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजन से राजेश मूंगड़, प्रकाश अजमेरा, डॉ. सीपी हेडा, सुधीर तोषनीवाल, रुपेश भूतडा, महेश राठी गुड्डा, कमलेश गगरानी, ईश्वर कलंत्री, राजेश लखोटिया, श्री मोहन सोमानी जुडे हुए है।

## दस हजार रक्षासूत्र, 2 लाख श्रीफल समर्पित

### संत की मौजूदगी में जैन समाजजन रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दलाल बाग में संत सुधासागर म.सा. के सान्निध्य में रक्षाबंधन पर्व के अन्तर्गत बड़ी संख्या में जैन समाजजनो की मौजूदगी में 10 हजार रक्षा सूत्र बांधे और 2 लाख श्रीफल समर्पित किए गए। प्रत्येक परिवार के 7 सदस्यों ने 700 श्रीफल से 700 मुनियों के उपसर्ग दिवस के उपलक्ष्य में उनके प्रति कृतज्ञता स्वरूप श्रीफल से सामूहिक अर्ध्य समर्पित किया। प्रिंसपाल टोंग्या, मनीष गोधा, नवीन गोधा, गिरीश गित्री, शरद पानोत, विजय दुर्गा, आशीष जैन, मुकेश गोधा, भूपेंद्र भोपाली, राहुल जैन, विवेक जैन एवं विजय जैन मौजूद थे।





## ऋषभदेव गौरव न्यास ने की सम्मान के लिए बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ऋषभदेव गौरव न्यास द्वारा रवीन्द्र नाट्यगृह में पुरस्कार वितरण और सम्मान का आयोजन 18 अक्टूबर किया जाएगा। 16 से 18 अक्टूबर तक संतों के सान्निध्य में बैठक और संगोष्ठी एवं स्मारिका विमोचन का आयोजन भी होगा। इन मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. अनुपम जैन, जैनेश झांझरी, अम्बू जैन, अनिल जैन, नीलेश जैन,चित्रा जैन, अशोक खासजीवाला , अनुज जैन, अरविंद जैन, डॉ. जैनेन्द्र जैन, आयुष जैन , राजीव रतन जैन , विकास -डा. अनुपमा जैन, सुनील जैन, आमंत्रित सदस्य महावीर बैनाड़ा ,राजेश जैन दद्दू , डॉ. अशोक बंडी, उषा पाटनी, रेखा पतंगया ,उषा बंडी , अर्पित जैन वाणी,गौरव जैन , जितेन्द्रनाथ जैन, ज्योत्स्ना जैन, निशा जैन सहित उपस्थित थे।

## महासाध्वी के सानिध्य में अनुष्ठान

### बेटी बचाने का संदेश दिया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर महासती साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में चातुर्मास चल रहा है। 3 हजार से अधिक श्रद्धालु की मौजूदगी में विशेष अनुष्ठान धार्मिक विधि-विधान से किए गए। 16 शुक्रवार एकासना अराधना में भी श्रद्धालुओं की मौजूदगी में साध्वी ने भजन किए। साध्वी ने कल रक्षाबंधन पर बेटी बचाने और वंश बढ़ाने का संदेश भी दिया। प्रकाश भटेवरा, रमेश भंडारी, विपिन जैन, राजकुमार भंडारी सहित अन्य मौजूद थे।



## श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेमीनगर जैन कालोनी में चल रहे चातुर्मास में जैन संत आचार्य सुनील सागर म.सा. के प्रवचन चल रहे है। श्रेयांसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लड्डू एवं निर्वाण फल समर्पित किया गया। इंद्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल, गिरीश पाटोदी, कैलाश लुहाडिया, देवेंद्र सेठी, प्रवीण पहाड़िया, प्रवीण पाटनी, गिरीश काला सहित अन्य मौजूद थे।

## पाटोदी ने लिया संत से आशीर्वाद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्राचीन आरटीओ रोड गार्डन पर नेमीनगर जैन कालोनी द्वारा सुनील सागर म.सा. के प्रवचन चल रहे है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन का लाभ ले रहे है। दिगम्बर जैन समाज से जुडे संजय पाटोदी ने आचार्य से आशीर्वाद लिया।



## कचनेर वाले बाबा की फिल्म की शूटिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवान चिंतामणी पार्श्वनाथ की चमत्कारिक प्रतिमा पर केन्द्रित फिल्म 'द कॉल ऑफ कचनेर' की शूटिंग इंदौर में चल रही है। 12 कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे हैं। प्रोड्यूसर राहुल सेठी ने बताया कि अभिनेता सुधीर पाण्डेय, अभिनेत्री शिल्पा मेहता, लक्की खान, सलोनी नारंग, श्याम पाण्डेय फिल्म में भूमिका निभा रहे हैं। इंदौर में 22 दिन से शूटिंग चल रही है, जो सितम्बर में पूरी होगी।



## अग्रसेन महाराज को बांधी राखी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रसेन क्लब ने महाराजा अग्रसेन प्रतिमा पर राखी बांधने की परम्परा निभाई। उषा-राजेश बंसल, प्रज्ञा-नीलेश अग्रवाल, शीतल-निखिल अग्रवाल, राधा मित्तल, कमलकिशोर गर्ग, मीना गोयल, रिंकू गजेंद्र अग्रवाल, सपना उमेश मंगल, अंजलि प्रकाश बंसल, रश्मि राकेश अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, रिंकू गजेंद्र अग्रवाल, परेश गोयल, विशाल अग्रवाल,नरेश अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, आशीष-वंदना मित्तल मौजूद थे।

## मेहूल जैन कल सुबह युवाओं से करेंगे संवाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व पार्षद और भाजपा नेता दीपक जैन टीनू ने बताया कि यू टर्न फॉर यूथ के तहत युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए वक्ता मेहूल जैन युवाओं से कल सुबह 9 बजे बॉस्केटबॉल काम्पलेक्स में संवाद करेंगे। युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों, जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता, लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच एवं आत्म-विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। आयोजन से दीपक जैन टीनू, यशवंत जैन, प्रवीण गुरुजी, सोमिल कोठारी, विपिन सोनी, सिद्धार्थ सुराणा, मंथन शाह, अतुल मंडोवरा जुड़े हुए हैं। यह आयोजन कल सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके लिए युवाओं के पंजीयन किए जा रहे हैं। श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्री संघ के बैनर तले यह आयोजन हो रहा है।

## एक ही परिवार के 54 लोग रहे रक्षाबंधन में मौजूद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वर्तमान युग में संयुक्त परिवार का एक साथ रहना कम ही जगह दिखता है। वहीं राव परिवार छत्रीबाग ने एकजुटता के साथ पारिवारिक एकता रखते हुए कल रक्षाबंधन का पर्व 54 सदस्यीय संयुक्त परिवार के साथ पोरवाल धर्मशाला छत्रीबाग में मनाया। भगवती राव, प्रहलाद राव, बालमुकुंद राव, घनश्याम राव, धर्मेंद्र राव, करण राव, संगीता राव, हेमलता राव, ललिता राव एवं राव परिवार मौजूद रहा।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंगल मूर्ति महिला मंडल द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य पूरे सावन मास कर समापन किया गया। भजन-कीर्तन भी हुए। ललिता-श्रवण वर्मा, अनिता पाटीदार, कुसुम मौर्य, ऊषा पाटीदार, माया गोर, ममतेश शर्मा, गीता व्यास, कोमल वर्मा, कीर्ति पाटीदार, तारा चौहान, सुनीता शर्मा मौजूद थी। उक्त जानकारी श्रवण वर्मा ने दी।

# फैशन शो से वेबसीरीज तक- सृजन की पहचान बना रहे पार्थ जैन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। फैशन शो हो या कल्चरल प्रोग्राम, ग्लैमर इवेंट हो या वेबसीरीज के लिए खास कॉस्ट्यूम की जरूरत, ग्राहकों की कल्पना को समझकर उसे समय पर परिधान का रूप देना अब फैशन कारोबार की बड़ी जरूरत बन गया है। इसी दिशा में पुश्तैनी गारमेंट्स सृजन के कारोबार को नई सोच के साथ आगे बढ़ाते हुए पार्थ जैन ने अपनी अलग पहचान बनाई है। बदलते फैशन ट्रेंड, आयोजन की थीम और ग्राहक की विशेष फरमाइश के अनुसार डिजाइन तैयार करना पार्थ जैन के काम की खासियत है।



### 8 वेबसीरीज के लिए तैयार हो रहे कॉस्ट्यूम

पार्थ जैन बताते हैं कि उनका काम अब पारंपरिक गारमेंट कारोबार तक सीमित नहीं रहा है। वर्तमान में करीब 8 वेबसीरीज के लिए कॉस्ट्यूम तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही फैशन शो, कल्चरल प्रोग्राम और विभिन्न ग्लैमर इवेंट्स के लिए भी विशेष परिधान तैयार किए जा रहे हैं। पार्थ जैन कहते हैं कि इवेंट इंडस्ट्री में समय की सबसे बड़ी भूमिका है। शो की तारीख तय होने के बाद कॉस्ट्यूम में देरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। इसलिए डिजाइन की विशिष्टता के साथ समय पर काम पूरा करना उनकी प्राथमिकता है।पार्थ जैन ने बताया कि दीपावली का नया फैशन कैलेंडर 25 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा।

# आरआर सेक्टर से एमआर 3 लिंक रोड निर्माण कार्य का होगा शुभारंभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 37 से जुड़े महालक्ष्मीनगर क्षेत्र में आरआर सेक्टर से एमआर 3 लिंक रोड़ का अब लंबे समय के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ होगा। जिसको शुरू करने को लेकर अब निगम की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी लगातार उक्त लिंक रोड़ सड़क निर्माण कार्य की मंजूरी को लेकर मांग कर रहे थे।



### लंबे समय से अधूरी सड़क बनाने की अब आई बारी

अब जाकर इतने समय से अधूरी पड़ी लिंक रोड़ के निर्माण की बारी आई है। जिसके अंतर्गत जोन संख्या 8 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 से जुड़े महालक्ष्मी नगर आरआर सेक्टर से एम आर 3 लिंक रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर निगम ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अगले माह सितंबर की शुरुआत में गणेश चतुर्थी के आसपास इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही बेहद जल्द हाथों-हाथ निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया जाएगा।

### एक करोड़ 15 लाख खर्चकर शुरू होगा लिंक रोड का निर्माण

बड़ी बात यह है कि महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद संगीता महेश जोशी द्वारा लगातार प्रयास कर पिछले दिनों ही क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम से उक्त सड़क की मंजूरी करवाई गई। वहीं अब कहा जा रहा है कि अगले माह में शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के पहले हमारा प्रयास रहेगा कि महालक्ष्मीनगर क्षेत्र में आरआर सेक्टर से एम आर 3 से जुड़ी इस मुख्य सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य बेहद जल्द शुरू करवा दिया जाए। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर विधायक हार्डिया के प्रयासों से अब सड़क निर्माण का कार्य भी जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल में बच्चों को मिली खेल मैदान की सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्वामी विवेकानंद स्कूल में विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से आधुनिक खेल मैदान बनकर तैयार हो चुका है। जहां बास्केटबॉल , फुटबॉल हॉकी जैसे प्रमुख खेलों के एक स्थान पर व्यवस्थित तरीके से खेलने के लिए लाखों रुपए खर्च कर नवीन मैदान की सौगात क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य पहाड़ियां द्वारा पिछले दिनों विवेकानंद स्कूल छात्र - छात्राओं को दी गई है। वहीं अब छात्रों को सरकारी विद्यालय भवन में जल्द आधा दर्जन नए आधुनिक सुविधाओं वाले स्मार्ट क्लास रूम और कंप्यूटर लैब के साथ निर्माणाधीन बड़े हाल की सौगात का भी इंतजार है।



**साढ़े पांच माह पहले भूमिपूजन कर हुई थी कार्य की शुरुआत**-गौरतलब है कि करीब साढ़े पांच माह पहले मार्च माह में क्षेत्रिय विधायक हार्डिया और पार्षद पहाड़िया द्वारा स्कूल में अतिरिक्त नवीन क्लासरूम निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई थी। इसके साथ ही इस सालों पुराने विद्यालय परिसर में खेल मैदान तैयार करने का काम भी शुरू किया गया था। लेकिन वर्तमान में हालात यह है कि खेल मैदान तो पिछले दिनों बनकर तैयार हो गया है। लेकिन शासकीय विद्यालय के छात्रों को नए क्लास रूम और बड़े हाल के निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण अभी इनके पूरे होने का अभी और इंतजार करना पड़ेगा। कहा जा रहा है कि निगम में बजट की कमी और बारिश के कारण वर्तमान में काम धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसके कारण अभी तक आधा-अधूरा निर्माण ही हो पाया है। हालांकि खेल मैदान तैयार हो गया है, लेकिन नवीन क्लासरूम निर्माण का कार्य वर्तमान में बेहद धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा लगातार काम धीमी रफ्तार से चलने को लेकर अब क्षेत्रीय पार्षद पहाड़िया से शिकायत कर जल्द निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की जाएगी।

# जावरा कंपाउंड में रूबल गर्ल्स हॉस्टल तक हो रही एक और सड़क तैयार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम जोन 11 के वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत नगर भाजपा कार्यालय के सामने से लेकर रूबल गर्ल्स हॉस्टल तक अब बेहद जल्द एक और नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम ने हाल ही में निविदा भी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत इसी माह के अंत में निविदा संबधित प्रक्रिया के बाद लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर यहां बड़े हिस्से में निगम द्वारा नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे इस मानसून सीजन में पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों को बारिश में नई सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई।



गौरतलब है कि निगम द्वारा वर्तमान में विधानसभा तीन के अंतर्गत जावरा कंपाउंड और छावनी क्षेत्र की विभिन्न गलियों और करीब आधा दर्जन से ज्यादा कालोनी और गलियों में नई सीमेंट सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अब करनावत पान सदन से रूबल गर्ल्स होस्टल की और भीतर तक नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसका क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से इंतजार था। वहीं अब क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 55 के अंतर्गत जावरा कंपाउंड क्षेत्र की एक और गली में सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे जिससे भविष्य में छावनी क्षेत्र के साथ श्रद्धानंद मार्ग और आरएनटी मार्ग, एमवाय के आसपास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# जोरदार आवक से देशी एप्पल और अनार सस्ते

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन दिनों चोइथराम थोक मंडी में इस त्यौहारी सीजन में वर्तमान में देशी एपल और अनार की जबरदस्त आवक हो रही है। जिसके कारण अक्सर महंगा बिकने वाला एप्पल और अनार दोनों इस समय बेहद सस्ते बिक रहे है। जिसे लोग भी जमकर खरीद रहे है। थोक व्यापारियों के मुताबिक मंडी में रोजाना 10 से 12 गाड़ी एप्पल और अनार की आवक हो रही है। देशी

### 120 से 150 रुपए किलो के भाव बिक रहे बाजार में

एप्पल और अनार जहां 100 - 120 से लेकर 150 रुपए के भाव मिल रहे हैं। वहीं बाहर से आने वाले विदेशी एप्पल ढाई सौ से 300 रुपए किलो के भाव बिक रहें है। हालांकि लोग देसी छोटे सेंवफल के साथ महंगे होने के बावजूद बड़े



विदेशी बड़े साइज के एप्पल भी खूब पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा केले और पपीते की भी अच्छी आवक हो रही है। व्यापारियों के मुताबिक जबकि ज्यादातर लोगों की एपल और अनार की डिमांड ज्यादा है।

**120 से 150 में छोटे साइज के एपल, 200 से 300 में बड़े विदेशी**-120 से डेढ़ सौ रुपए किलो में जहां छोटे साइज के देसी एप्पल और अनार मिल रहे हैं। वहीं बड़े साइज में विदेशी बाहर से आने वाले एप्पल और अनार की भी अच्छी हवा हो रही है। यही नहीं साइज में बड़े होने के कारण और दिखने और पेकिंग के कारण इनकी भी अच्छी डिमांड है। इसके अलावा हाइब्रिड वाले विदेशी जाम की भी अच्छी खासी डिमांड है।

# बंगाली चौराहे पर सिंधिया प्रतिमा के आसपास छाया अंधेरा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बंगाली चौराहे के पास स्थित माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के आसपास रोशनी के लिए लगी 20 से ज्यादा डिजाइनर आकर्षक लाइटिंग लंबे समय से बंद पड़ी है। जिससे प्रतिमा के पास स्थित बगीचे में महीनों से अंधेरा छाया हुआ है। आसपास के लोगों ने बताया आधी से ज्यादा लाइटिंग खराब होने अक्सर लाइटिंग बंद रहती है। जिससे बगीचे में और सिंधिया प्रतिमा के आसपास अंधेरा छाया रहता है। यही नहीं प्रतिमा के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा भी जमा रहता है। इधर प्रतिमा के आसपास लंबे समय से लाइटिंग बंद होने के बाद भी लोगों की शिकायत पर निगम के जिम्मेदार कई दिनों से ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही नहीं बंगाली ब्रिज के नीचे निगम द्वारा लगभग 90 लख रुपए से ज्यादा खर्च कर क्षेत्र के खिलाड़ियों और रहवासियों को खेल सुविधा देने के लिए आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने का दावा भी कागजों से बाहर नहीं निकला। जबकि इसको लेकर निगम द्वारा 6 माह पहले भूमि पूजन कर आधुनिक सुविधाओं वाले स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी थी। लेकिन अब इतने लंबे समय बाद भी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स को लेकर कोई काम होता नजर नहीं आ रहा है। जिसको लेकर भी लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे है। जबकि जिम्मेदारों द्वारा दावा किया गया था कि पिपलियाना ब्रिज की तर्ज पर बंगाली ब्रिज के नीचे भी क्षेत्र के खिलाड़ियों और रहवासियों की सुविधा के लिए भव्य स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाएगा। यहां खिलाड़ियों को इंडोर आउटडोर खेलों को खेलने के लिए भरपूर सुविधा मिलेगी। लेकिन इतने समय बात भी अभी तक कोई काम शुरू नहीं हो पाया।

## संपादकीय

# शाहजहांपुर के पार्षदों के वीडियो ने उठाए सवाल, भ्रष्टाचार की कमाई बांटने की शपथ क्यों?

इस वीडियो में पार्षद हाथ में जल लेकर यह शपथ लेते नजर आ रहे हैं कि नगर निगम से होने वाली आय को सभी के बीच बराबर बांटा जाएगा। भ्रष्टाचार एक ऐसी दीमक है, जो किसी भी देश, समाज और उसकी व्यवस्था को अंदर से पूरी तरह खोखला कर देती है। इसका सबसे ज्यादा असर समाज के गरीब, वंचित और उस जरूरतमंद वर्ग पर पड़ता है, जिसे अपने जीवन में हर मोड़ पर संघर्ष करना पड़ता है। इससे एक ऐसी अराजकता पैदा होती है, जो सीधे तौर पर नजर नहीं आती, लेकिन वह व्यवस्थागत प्रणाली को पंगु कर देती है। कहने को केंद्र और राज्य सरकारें भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल कर रही हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में नगर निगम के पार्षदों से जुड़ा एक वीडियो कुछ और ही हकीकत बयान करता है। खबरों के मुताबिक, इस वीडियो में पार्षद हाथ में जल लेकर यह शपथ लेते नजर आ रहे हैं कि नगर निगम से होने वाली आय को सभी के बीच बराबर बांटा जाएगा। इस मामले में कार्रवाई को लेकर गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संबंधित राजनीतिक दल और महापौर की ओर से इन पार्षदों को सिर्फ कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सड़क से सियासी गलियारों तक कई सवाल उठ रहे हैं। आखिर ये पार्षद नगर निगम की किस आय के बंटवारे की बात कर रहे थे। क्या ऐसी कोई व्यवस्था है कि किसी स्थानीय निकाय की आमदनी को जनप्रतिनिधियों में बांटा जाता है! विपक्षी दल इस मामले पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका दावा है कि वीडियो में पार्षद भ्रष्टाचार से होने वाली कमाई के बंटवारे की बात कर रहे थे। इस पर संबंधित जिलाधिकारी का यह बयान और भी विचित्र है कि इस मामले में अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, जिसके आधार पर जांच कराई जा सके। ऐसे में सवाल है कि किसी सार्वजनिक मंच पर प्रचारित हुए वीडियो के आधार पर क्या प्रशासन की ओर से स्वतः संज्ञान नहीं लिया जा सकता? दूसरा, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का दावा करने वाली राज्य सरकार की ओर से अभी तक इस मामले में दखल क्यों नहीं दिया गया? जाहिर है कि सिर्फ दावों और घोषणाओं से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा, जरूरत इसकी जड़ों पर प्रहार करने की है।






## डायल-112 रात से लेकर सुबह तक खड़ी रहती है

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वैश्य समाज से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता विवेक गुप्ता ने आरोप लगाया कि पंढरीनाथ थाना क्षेत्र की डायल-112 अधिकतर समय रात 3 बजे के बाद हरसिद्धि बगीचा के पास पुलिस चौकी पर नजर आती है। इस वाहन में ना चालक होता है, ना पुलिसकर्मी होते हैं, जबकि डायल-112 को रात्रि गश्त करना चाहिए। इस मामले में विवेक गुप्ता ने चित्र भी भेजा।

## कथित पुजारी और युवक को थाना ले गई पुलिस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के व्यास नगर में क्षेत्र के एक मंदिर के कथित पुजारी और एक युवक को पुलिस थाना लेकर पहुंची। बताया जा रहा है कि रहवासियों ने पुजारी और युवक का विरोध किया था जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को चंदन थाना लेकर रवाना हुई। मौके पर रहवासियों की भीड़ नजर आई, हंगामा भी मचा। पुलिस पुजारी और युवक से पूछताछ भी कर रही है। हालांकि इस मामले की कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## ब्लास्ट की खबर के बाद चेम्बर की हुई मरम्मत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंढरीनाथ क्षेत्र में चेम्बर टूटा था, जिससे दुर्घटनाएं घट रही थी। इस चेम्बर के समाचार को प्रमुखता से सिटी ब्लास्ट ने प्रकाशित किया था। निगम और झोन ने इस पर संज्ञान लेकर टूटे चेम्बर को हटाया और नया ढक्कन लगाकर लोगों की सुरक्षा ठीक की।



## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मालवा मिल चौराहा पर शकर, तेल, आटा, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल सहित अन्य वस्तुओं के दाम वृद्धि को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अरुण चौहान, कैलाश लिबोदिया, सीएल सर्रावत, कविता सोलंकी, भागीरथ कछवाह, किरण चौहान, परेश टोकेकर, बहादर कटारे, माताप्रसाद मौर्य, आकाश कटारे मौजूद थे।

## 11 हजार गणेश प्रतिमाओं का गाय के गोबर से निर्माण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में भिक्षावृत्ति छोड़ चुके लोगों के हाथों से 11 हजार गणेश प्रतिमाओं का निर्माण हुनर के साथ गाय के गोबर से कराया गया। हितग्राहियों का योगदान रहा। 2 इंच से लेकर 15 इंच तक की प्रतिमाएं तैयार कराई गई है।







# दोनों जेलों में हुआ रक्षाबंधन का कार्यक्रम, मुस्लिम समाज से जुड़ी बहनें भी पहुंचीं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर की दोनों जेल केन्द्रीय और जिला जेल में कल कैदियों के लिए भी रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैदियों की बहनें आई और उनसे सभागार में मुलाकात भी कराई और रक्षाबंधन का कार्यक्रम भी हुआ। केन्द्रीय जेल में वरिष्ठ अधिकारी डॉ. वरुण कपूर भी मौजूद रहे, उन्होंने बंदियों से मुलाकात भी की। इस दौरान सेन्ट्रल जेल में अधिकारी दिनेश नरगावे, इन्दरसिंह नागर, संतोषकुमार लडिया, भूपेन्द्रसिंह रघुवंशी, अभिषेक दांगी, सोनम बंडोरे मौजूद थे। वहीं जिला जेल में भी कड़ी निगरानी में रक्षाबंधन का पर्व कैदियों और बहनों के बीच सौहार्द्र के बीच मनाया गया। दोनों जेलों में मुस्लिम समाज से जुडी बहनें भी पहुंची और इनके पास अलग-अलग धर्म स्थलों से लाए पवित्र डोर भी थे। इन बहनों ने अपने भाइयों से मुलाकता की और डोर भी बांधे। भाई-बहन की मुलाकात भी हुई और भाई-बहन गले भी मिले, उन्हें मिठाई भी खिलाई। कई बहनें और भाइयों के आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

# 30 लाख लीटर क्षमता वाली नई टंकी की सौगात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 64 में क्षेत्र के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए निगम द्वारा यहां 30 लाख लीटर क्षमता वाली बड़ी नर्मदा की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी सौगात क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को अगले तीन से चार माह में बेहद जल्द मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों यहां बड़ी टंकी का निर्माण कार्य बहुत तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में 80 फ़ीसदी से ज्यादा टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जबकि अभी टॉप की और टंकी के भीतर की फिनिशिंग का कार्य बाकी है जो इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा नर्मदा की इस बड़ी टंकी से क्षेत्र की दर्जनभर से ज्यादा कालोनियों की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने काम भी जल्द अगले एक से डेढ़ माह में टंकी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर भी निगम द्वारा एलएनटी कंपनी के साथ सर्वे कर लाइन बिछाने की तमाम तैयारियां भी शुरू कर दी है।

दरअसल लंबे समय से टंकी निर्माण का कार्य धीमी रफ्तार से चलने के कारण इस साल मिलने वाली सौगात अगले साल मिलेगी। जिसको लेकर वर्तमान में बड़ी टंकी निर्माण का कार्य अब रफ्तार से चल रहा है। जबकि पहले बीच में काम की धीमी रफ्तार होने से टंकी निर्माण का कार्य अब तक धीमी गति से चल रहा था। हालांकि क्षेत्र के रहवासियों में खुशी है कि कि अगले साल ही सही उन्हें नई टंकी की सौगात मिलने वाली है। यही नहीं जिससे इस क्षेत्र का जल संकट आने वाले साल में पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में वार्ड 64 के चितावद क्षेत्र में द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए यहां बड़ी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में टंकी का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां क्षेत्र में दर्जन भर से ज्यादा कॉलोनी में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम भी किया जाएगा। ताकि आने वाले साल में लोगों को गर्मी में पीने के पानी को लेकर परेशानी ना हो।

# बैंक हड़ताल से पूर्व प्रदर्शन एवं सभा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के आव्हान पर देश भर के बैंककर्मियों द्वारा 5 दिवसीय बैंक सप्ताह के समझौते के क्रियान्वयन, पीएलआई के यथा सहमति भुगतान और निलंबित मुद्दों के निराकरण की मांगों के लिए यशवंत निवास रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के परिसर में प्रदर्शन किया गया। 11 सितम्बर को देश व्यापी हड़ताल होना है उसके पहले प्रदर्शन में मोहन कृष्ण शुक्ला, गोयल, पंकज पोरवाल, अरविन्द पोरवाल, गजानंद नीमगांवकर, सतीश जैन, आरके दागी, निखिल वेद, कोमल, सोनल अग्रवाल, राजमहल नागर, शुभम चतुर्वेदी, राजेश जैन, रामदेव सायडिवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## कुराश टूर्नामेंट में विद्यार्थियों ने जीते 12 स्वर्ण सहित 24 पदक





इंदौर। वेदांश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एसजीएफआई इंटर-स्कूल कुराश टूर्नामेंट में सेंट उमर हायर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्कूल के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इसके साथ ही कई खिलाड़ियों का चयन आगामी इंटर-डिविजनल (संभागीय) कुराश टूर्नामेंट के लिए हुआ है।

स्वर्ण पदक आयत अंसारी, साइमा अंसारी, अफशीन फातिमा, आयशा फातिमा, तकदीस, अलशिफा चौहान, अनिका खान, रेहान पटेल, आर्शिल अंसारी, नाज़िम उद्दीन, निज़ामुद्दीन, मोहम्मद आलियान ने जीता। रजत पदक मेहर मीठावाला, अयान पटेल, अलवीरा शेख, फरहान खान, स्वालेहा कुरैशी ने जीते। कांस्य पदक ज़िक्र? अय्यूब खान, खुश्मीरा, आलिया अमदानी, अरशान खान, अरशान अहमद, महफूज़ मुस्तफा, रहमान खान ने जीते।

सभी विजेता खिलाड़ियों, संभागीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों तथा उनके कोच रेहान खान एवं दानेश शेख को सेंट उमर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य संदेश गुप्ता, स्पोर्ट्स हेड रफ़ीक खान एवं मैनेजमेंट कमेटी, इस्लामिया करीमिया सोसाइटी की ओर से हार्दिक बधाई दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



## जिला अंतर-विद्यालयीन कुराश चयन प्रतियोगिता का आयोजन

इंदौर। वेदांश इंटरनेशनल स्कूल कैंपस 3, देवास बायपास रोड के स्पोर्ट्स हॉल में सत्र 2026-27 की शासकीय इंदौर जिला अंतर-विद्यालयीन शालेय कुराश चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर जिले के लगभग 40 विद्यालयों के 230 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता इंदौर जिला कुराश संघ के तकनीकी सहयोग से आयोजित हुई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहसंयोजक घनश्याम करौले, पात्रता प्रमाण-पत्र प्रभारी झम्मन सिंह चौहान, युवराज भावे एवं हर्ष यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन मध्य प्रदेश एमेच्योर कुराश संघ के सचिव राहुल व्यास, उपाध्यक्ष गोपाल पालीवाल एवं इंदौर जिला कुराश संघ के सचिव कैलाश बाथम के तकनीकी मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका महेश पुरोहित, दीपक कुमार एवं श्री फालके ने निभाई।

## क्षतिग्रस्त सरकारी विद्यालय भवन की जगह होगी नवीन इमारत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 58 में स्थित जूना पीठा क्षेत्र में सालों पुराने क्षतिग्रस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन को डिस्मेंटल कर अब जल्द उसकी जगह निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर करीब सवा करोड रुपए से ज्यादा खर्च कर नई आधुनिक बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद, मध्यवर्गीय और गरीब परिवार के बच्चों को अपने घर के नजदीक कम खर्चे में आधुनिक सरकारी स्कूल के लिए नए भवन की सौगात मिलेगी। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया के साथ नवीन इमारत निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है जिसका लाभ क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा। साथ ही नए विद्यालय भवन में बच्चों को सालों पुरानी क्षतिग्रस्त इमारत के बजाय नई अत्याधुनिक सुविधाओं वाली बिल्डिंग की सौगात भी मिलेगी। जिसको लेकर निगम के शिक्षा विभाग और शाला प्रकोष्ठ द्वारा टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि जूना पीठा क्षेत्र में सालों पुरानी प्राथमिक विद्यालय की सरकारी क्षतिग्रस्त पुरानी इमारत को निगम द्वारा ध्वस्त कर उसकी जगह नई आधुनिक सुविधाओं वाली जी प्लस टू नवीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। आने वाले दिनों में बच्चों को आधुनिक सुविधा वाले स्मार्ट क्लासरूम में नवीन शिक्षा नीति के तहत आधुनिक प्रोजेक्टर और लेख के साथ बेहतर शिक्षा देने का संकल्प पूरा किया जाएगा। जिसके लिए जल्द यहां करीब आधा दर्जन से ज्यादा नए क्लास रूम का निर्माण कार्य शुरू होगा। जिस में बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के तहत कंप्यूटर और स्मार्ट क्लास रूम में प्रोजेक्टर की मदद से पढ़ाया जाएगा।

## भारत के सेंथिलकुमार ने खिताब जीता

नई दिल्ली। हंगरी में आयोजित पी.एस.ए. बुडापेस्ट स्क्वैश ओपन के फाइनल में भारत के वेलवन सेंथिलकुमार ने घरेलू दावेदार बालाज़ फ़ार्कस को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने विश्व में 18वीं वरीयता प्राप्त और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐन योव एनजी को 3-0 से हराया और फिर सेमीफाइनल में अपने ही देश के वीर चोटरानी को 3-2 हराकर जीत दर्ज की।

## मप्र की असमी ने बढ़ाया पूरे प्रदेश का सम्मान

इंदौर। मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी असमी रघुवंशी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान में संपन्न ऑल इंडिया टेलेंट सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में दोहरी सफलता हासिल की। असमी ने एकल और युगल दोनों वर्गों में ट्रॉफी हासिल करते हुए पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया।



साजिद लोदी टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली असमी ने जयपुर के ड्रीम हाउस क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने आक्रामक खेल, इन्नाटेदार सर्विस और बेहतर रणनीति से देशभर की विपक्षी खिलाड़ियों को परेशान किया। असमी ने अपने एकल अभियान की शुरुआत राजस्थान की नैशा चिल्लर के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले से की। पहले ही मैच में असमी ने अपनी तेजी से राजस्थान की खिलाड़ी को परेशान करते हुए यह मुकाबला 7-5, 6-2 से अपने नाम किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में राजस्थान की ही खुशवी पाढियार को 6-3, 6-2 से और सेमीफाइनल में राजस्थान की सिल्वी पाल को 7-5, 6-2 से हराकर खिताबी मुकाबले में कदम रखा। फाइनल में असमी का सामना गुजरात की अनुभवी खिलाड़ी माही राउलजी से हुआ। इस मैच में असमी ने संयमित खेल दिखाते हुए विपक्षी खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया। असमी के सामने माही खास चुनौती पेश नहीं कर सकीं और मध्य प्रदेश की बेटी ने यह मुकाबला 6-3, 6-1 से अपने नाम करते हुए ट्राफी हासिल की।

इसके बाद असमी ने महिला युगल वर्ग में राजस्थान की एस. पाल के साथ जोड़ी बनाई। इस जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। अपने बेहतर तालमेल की बदौलत असमी और पाल की जोड़ी ने मध्य प्रदेश की अवनी जाट और उत्तर प्रदेश की आइरा को 4-6, 6-1, 12-10 से हराया। इसके बाद उन्होंने गुजरात की माही राउलजी और राजस्थान की एस. चौधरी की जोड़ी को सेमीफाइनल में 6-2, 6-1 से आसानी से पराजित किया। खिताबी मुकाबले में इनका सामना गुजरात की डी. ब्रह्मभट्ट और सारा रियाज की जोड़ी से हुआ। असमी और पाल की जोड़ी ने अपने खेल के स्तर को बहुत ऊपर उठाते हुए विपक्षी जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और यह मैच आसानी से 6-2, 6-1 से जीतते हुए ट्राफी हासिल की। यह असमी का स्पर्धा में दूसरा खिताब था।

## हम ऐसी पिचें चाहते हैं जहां हमारे तेज गेंदबाज भी मैच जिता सकें: गैरी

कोलंबो। पिछले 15 वर्षों में कई मौकों पर श्रीलंका ने घरेलू मैदानों पर स्पिन गेंदबाज़ों के लिए बेहद अनुकूल पिचें तैयार की हैं, लेकिन मुख्य कोच गैरी कर्स्टन चाहते हैं कि आगे आने वाली सीरीज़ में उसी तरह की पिचें तैयार की जाएं, जैसा भारत और श्रीलंका के बीच खेली गई सीरीज़ के दौरान थीं।



इस सीरीज़ के दौरान कुल 67 विकेट गिरे, जिसमें से तेज़ गेंदबाज़ों ने 24 विकेट लिए। श्रीलंका के लिए असिता फ़र्नांडो सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। उन्होंने 20 की औसत से 10 विकेट लिए और सीरीज़ में कुल मिलाकर दूसरे सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। पिचें बल्लेबाज़ी के लिए भी अच्छी थीं, जहां दोनों टीमों ने तीन-तीन शतक लगाए। सोनल दिनुशा ने तीन, देवदत्त पडिक्कल ने दो और ध्रुव जुरेल ने एक शतक जड़ा। दोनों टेस्ट पांचवें दिन तक पहुंचे, जबकि इससे पहले श्रीलंका में कई सीरीज़ धूलभरी पिचों पर स्पिनरों के क़हर के कारण जल्दी ख़त्म हो जाती थीं। कर्स्टन का मानना है कि स्पोर्टिंग विकेट ही ऐसे क्रिकेटर तैयार करती हैं, जिनमें टेस्ट क्रिकेट में सफल होने के लिए ज़रूरी कौशल और धैर्य विकसित होता है। कर्स्टन ने कहा, मैं इस बात का बड़ा समर्थक हूं कि हम सिर्फ़ स्पिनरों के लिए पिचें तैयार न करें। हम ऐसी पिचें चाहते हैं जहां हमारे तेज़ गेंदबाज़ भी हमें मैच जिता सकें। इसी तरह से एक अच्छी क्रिकेट टीम विकसित होती है। हर तरह की परिस्थितियों में खेलकर टीमें बेहतर बनती हैं। टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार की गई दोनों पिचों से मैं बेहद प्रभावित था। इन पिचों पर नतीजा हासिल करने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ती है। ये उस तरह की पिचें नहीं थीं, जहां तुरंत नतीजा निकल जाए। उन्होंने आगे कहा- हम चाहते थे कि हमारे बल्लेबाज़ बल्लेबाज़ी कर सकें। स्पिनरों को मेहनत करनी पड़े और तेज़ गेंदबाज़ भी खेल में बने रहें। गॉल टेस्ट की दूसरी पारी में हमारे तेज़ गेंदबाज़ों ने दस में से सात विकेट लिए थे। यह देखकर मैं बेहद उत्साहित हूं कि हमारे तेज़ गेंदबाज़ खेल में प्रभाव डाल रहे हैं और मैं इसे आगे और विकसित करना चाहता हूं। हालांकि, इस सीरीज़ के सबसे बड़े सितारे सोनल दिनुशा रहे। कर्स्टन ने एसएससी में पांचवें दिन उनके संघर्षपूर्ण शतक को श्रीलंका के टेस्ट इतिहास की महान पारियों में से एक बताया। कर्स्टन ने कहा, चौथे और पांचवें दिन उन्होंने जो पारी खेली, वह श्रीलंका के टेस्ट इतिहास में सबसे बेहतरीन बचावों में से एक मानी जाएगी।

# एशियन गेम्स में बी टीम भेजने की प्लानिंग क्यों कर रहा बीसीसीआई?

**नई दिल्ली।** जापान में आयोजित होने जा रहे एशियन गेम्स से पहले एशियाई क्रिकेट काउंसिल की बैठक में खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं, विशेषकर कमरों के साइज को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। फुल-मेंबर क्रिकेट बोर्ड्स के अनुसार, कमरे इतने छोटे हैं कि दो खिलाड़ी अपने बड़े किटबैग और सामान के साथ उसमें आराम से नहीं ठहर सकते।

सूत्रों के मुताबिक, एक बोर्ड सदस्य ने चेतावनी दी है कि यदि सुविधाएं तय मानकों के अनुरूप नहीं पाई गईं, तो वे अपनी मुख्य टीम के बजाय बी-टीम भेजने पर विचार कर सकते हैं। स्थिति का जायजा लेने के लिए फुल-मेंबर देशों के प्रतिनिधियों को तुरंत जापान का दौरा करने का सुझाव दिया गया है।



पिछली बार गॉल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम ने इस बार भी एशियन गेम्स के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों का ऐलान किया है। पुरुष टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है, जबकि जसप्रीत बुमराह और 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं, महिला टीम की कमान हरमनप्रीत कौर संभालेंगी। ऐसे में बोर्ड की चिंता ये है कि इन बड़े खिलाड़ियों को काफी ज्यादा परेशानी का सामान करना पड़ सकता है।

भारतीय पुरुष टी20आई टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नीतिश कुमार रेड्डी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वैभव सूर्यवंशी, जसप्रीत बुमराह।

भारतीय महिला टी20आई टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदिनी शर्मा।



## शस्त्रकला प्रशिक्षण शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सार्वजनिक श्री रविदास व्यायामशाला के तत्वावधान में 30 दिवसीय शस्त्रकला प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। कमल पाल, करण गोलिया, नत्थू बोस नागर, मिथिलेश कैमरे, हेमंत वर्मा, संतोष वनपुरे, महेंद्र जोहरी, करण लोगरे, मुकेश जिरौने, सचिव अकबर पटेल, विजेंद्र पाल, निखिल जीरोने, प्रवीण सांवरिया, जीवेश बिलोरे, यश झकोरे, विनोद जाटव, उदित मंडलोई मौजूद थे।

# विराट कोहली से लेकर सचिन तेंदुलकर तक दिग्गजों ने बहनों संग मनाई राखी

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर खेल जगत के दिग्गजों ने अपनी बहनों के साथ प्यार के इस अटूट बंधन को बड़े ही धूमधाम से मनाया। भारतीय क्रिकेट के कई बड़े सितारों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी बहनों के साथ खास तस्वीरें साझा कर अपने इस खूबसूरत रिश्ते की झलकियां दिखाईं।

भारतीय रन मशीन विराट कोहली ने इस बार का रक्षाबंधन अपनी बहन भावना कोहली ढींगरा के साथ मनाया। इस खास मौके पर भावना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे विराट की कलाई पर राखी बांधती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ भावना ने एक बेहद इमोशनल मैसेज लिखा, चाहे जिंदगी हमें किसी भी मोड़ पर ले जाए, मेरी दुआएं हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगी।





मुल्तान के सुल्तान कहे जाने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी अपनी बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी सादगी और प्यार से मनाया। सहवाग ने इंस्टाग्राम पर राखी बंधवाते हुए एक खूबसूरत तस्वीर साझा की और दिल छू लेने वाला संदेश लिखा, कलाई पर धागा, दिल में वादा। उन सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं, जो कलाइयों पर प्यार और दिल में मजबूती बांधती हैं।

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने अपनी बड़ी बहन (ताई) के प्रति अपने आदर और स्नेह को इस खास दिन पर जाहिर किया। सचिन ने घरेलू समारोह की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उनकी बहन उन्हें राखी बांधती दिख रही हैं। सचिन ने लिखा, 'हैप्पी राखी ताई, हमने कई साल और यादें बांटी हैं। मैं बेहद खुशकिस्मत हूं कि मुझे आपका साथ हमेशा मिला है।' स्टार गेंदबाज दीपक चाहर और उनकी बहन मालती चाहर के बीच का रिश्ता हमेशा से ही हंसी मजाक और प्यार से भरा रहा है। इस रक्षाबंधन पर भी दोनों का फनी अंदाज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। मालती और दीपक का फिल्मी डायलॉग के अंदाज में बनाया रील फैंस द्वारा काफी पसंद किया गया।

# एक बार फिर नामीबिया से हारी साउथ अफ्रीका टीम

**नई दिल्ली।** नामीबिया ने अपनी सरजमीं पर खेली जा रही टी20 ट्राई-सीरीज के पहले रोमांचक मुकाबले में साउथ अफ्रीका को हराकर अपने अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखा है। विंडहोक में खेले गए इस मैच में नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163 रनों का स्कोर खड़ा किया और बाद में अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर इस लक्ष्य का बचाव करते हुए एक यादगार जीत दर्ज की। साउथ अफ्रीका की टीम ने अभी तक टी20 इंटरनेशनल में नामीबिया के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीता है।

नामीबिया की शुरुआत बेहद शानदार रही। जान फ्रायलिंक और लौरें स्टीनकैंप ने पहले विकेट के लिए पावरप्ले में 57 रन और 10 ओवरों के भीतर 84 रनों की मजबूत साझेदारी की। फ्रायलिंक को 13 रन के निजी स्कोर पर कैच ड्रॉप के रूप में जीवनदान मिला, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने अर्धशतक जड़ा। हालांकि, कप्तान ब्योर्न फोर्टुइन (2/17) और प्रेनेलन सुब्रायन (3/32) की स्पिन जोड़ी ने नामीबिया के मिडिल ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। नामीबिया ने अपने आखिरी 9 विकेट केवल 79 रनों के भीतर गंवा दिए, जिससे टीम 163 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुथो सिपाम्ला दूसरे ओवर में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए।

164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव में रखा। सीनियर गेंदबाज रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट के साथ-साथ





21 साल के जैक ब्रासेल और 18 साल के मैक्स हिंगो ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की। जॉर्डन हरमन, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और टोनी डी जोरजी के जल्दी आउट होने से साउथ अफ्रीका का स्कोर 39/3 हो गया। एक छोर से लगातार गिरते विकेटों के बीच बेबी एबी के नाम से मशहूर डेवाल्ड ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच में साउथ अफ्रीका की उम्मीदों को जीवित रखा। ब्रेविस ने 50 गेंदों में शानदार 75 रन बनाए। उन्हें केवल डेब्यू कर रहे डुआन यानसेन का थोड़ा समर्थन मिला। जिन्होंने 25 रनों की पारी खेली। जब साउथ अफ्रीका को जीत के लिए अंतिम ओवरों में तेजी से रनों की दरकार थी, तब रूबेन ट्रम्पेलमैन ने ब्रेविस को आउट कर मैच नामीबिया के पक्ष में मोड़ दिया।

**अंतिम ओवरों में नामीबिया की शानदार गेंदबाजी–** कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 19वें ओवर में केवल 3 रन देकर फोर्टुइन का विकेट चटकाया। इसके बाद अंतिम ओवर में जेजे स्मिट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर साउथ अफ्रीका की पारी को समेट दिया और नामीबिया को एक ऐतिहासिक जीत दिला दी।

## आज शाम खेल सामग्री व वरिष्ठ प्रशिक्षकों का सम्मानित किया जाएगा

**इंदौर।** हॉकी इंदौर एसोसिएशन, खेल व युवा कल्याण विभाग इंदौर व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर द्वार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद दादा की 121 वी जयंती ( खेल दिवस) मनाई जाएगी। हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला व सहसचिव मो याकुब अंसारी ने बताया की शाम को 5:30 बजे मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर चिमनबाग हॉकी मैदान पर शहर के उबरते हुए खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण किया जाएगा एवं हॉकी क्षेत्र मे लबे समय तक योगदान देने वाले वरिष्ठ प्रशिक्षको को हॉकी खेल को प्रदेश व शहर मे हॉकी खेल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई रहे 11प्रशिशको सम्मानित किया जाएगा।

## इंदौर की दिविना धूपर ने ऑल इंडिया चैंपियनशिप अंडर-12 का खिताब जीता

**इंदौर।** इंदौर की युवा टेनिस खिलाड़ी दिविना धूपर ने अहमदाबाद, गुजरात की नियॉन स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन चैम्पियनशिप सीरीज अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। दिविना ने फाइनल में पुणे, महाराष्ट्र की समायरा ताम्हणे को 6-3, 6-1 से हराकर बालिका वर्ग अंडर-12 चैम्पियनशिप का एकल खिताब अपने नाम किया। फाइनल तक पहुंचने के सफर में दिविना ने जबरदस्त निरंतरता और दृढ़ संकल्प दिखाया । उन्होंने क्वार्टर फाइनल में राजस्थान की आराध्या मिश्रा को 6-0, 6-2 से हराया और फिर सेमीफाइनल में गांधीनगर, गुजरात की हिमानी जाधव को 6-3, 6-1 से मात दी।

# कठिन अभ्यास और अनुशासन से हॉकी के जादूगर बने ध्यानचंद

**इंदौर।** मेजर ध्यानचंद को दुनिया हॉकी के साथ उनके जादू के लिए याद करती है, लेकिन उनका जीवन हमें अनुशासन और सतत अभ्यास से स्वयं को श्रेष्ठ बनाने की सीख भी देता है। कम ही लोगों को पता है कि मेजर ध्यानचंद को बचपन में कुश्ती का शौक था, लेकिन सेना में नौकरी के बाद जब हॉकी खेलने की बारी आई तो नियमित अभ्यास से खुद को उस खेल में ऐसा पारंगत किया कि दुनिया खौफ खाने लगी। उक्त विचार प्रदेश में हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश हॉकी क्लब में खेल दिवस के पूर्व आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मीर रंजन



नेगी ने व्यक्त किए। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने कहा कि साल 1922 से 1926 के बीच दादा ध्यानचंद ने विशेष रूप से सेना हॉकी टूर्नामेंट और रेजिमेंटल खेलों में भाग लिया। अच्छे प्रदर्शन के बाद उनका चयन न्यूजीलैंड दौरे के लिए हो गया। टीम ने 18 मैच जीते और सिर्फ एक में हार मिली। यहां से सेंटर-फारवर्ड के रूप में बिजली की तेजी से गेंद लेकर बढ़ने की काबिलियत ने सभी का ध्यान खींचा। साल 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम का फाइनल में सामना मेजबान नीदरलैंड्स से था। भारत के प्रमुख खिलाड़ी फिरोज खान, शौकत अली, केहर सिंह गिल और खुद ध्यानचंद बीमार थे। मगर उन्होंने मेजबान टीम को 3-0 से हराते हुए भारत को पहला ओलिंपिक स्वर्ण दिलाया। पांच मैचों में 14 गोल करते हुए टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी भी बने। तब पहली बार एक स्थानीय अखबार ने ध्यानचंद की तारीफ में लिखा था, 'यह हॉकी का खेल नहीं, बल्कि जादू है। ध्यानचंद वास्तव में हॉकी के जादूगर हैं।'

# फालिया लेकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहा हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## रक्षाबंधन पर पुलिस की मुस्तैदी से पकड़ाया आरोपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




शहर में रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष सुरक्षा एवं गश्त अभियान के तहत सदर बाजार थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इलाके के एक आदतन अपराधी और हिस्ट्रीशीटर को धारदार हथियार (फालिया) के साथ सार्वजनिक स्थान पर घूमते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र में किसी वारदात की नीयत से घूम रहा था, जिसे पुलिस की सतर्कता से समय रहते दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार, रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर थाना प्रभारी पी.एल. शर्मा के निर्देशन में बीट पार्टियों और पुलिस कर्मचारियों को क्षेत्र में विशेष गश्त व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान गश्ती दल को सूचना मिली कि थाने का सूचीबद्ध आदतन अपराधी भरत पिता नारायण सुनहरे निवासी गणेश मंदिर के पास, जूना रिसाला हाथ में एक धारदार फालिया लेकर खुलेआम घूम रहा है और आमजन में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही बीट प्रभारियों और गश्ती टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी की और आरोपी भरत सुनहरे को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध धारदार फालिया जब्त किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी भरत के खिलाफ पूर्व से ही विभिन्न थानों में करीब 15 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं। सदर बाजार थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# स्थायी वारंटी को छुड़ाने के लिए खाकी पर टूटा परिवार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**एसआई और आरक्षक पर लाठी-डंडों से हमला, 4 पर केस दर्ज, पंजरिया गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम को परिजनों ने घेरा, घायल उप निरीक्षक और आरक्षक अस्पताल में भर्ती, आरोपी फरार**

जिले के बड़गोंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंजरिया में शुक्रवार दोपहर पुलिस टीम पर हमले की एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए उसके परिजनों ने कानून को ताक पर रखकर पुलिसकर्मियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में एक उप निरीक्षक और एक आरक्षक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए, जिन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी रामगोपाल को गिरफ्तार करने के लिए ग्राम पंजरिया गई थी। पुलिस टीम ने जैसे ही घेराबंदी कर वारंटी रामगोपाल को अपनी हिरासत में लिया, वैसे ही उसके परिजन आक्रोशित हो गए। आरोपी के बेटे विपिन यादव, गणेश यादव, रामगोपाल की पत्नी और उसके पिता तोलाराम यादव ने एकजुट होकर पुलिस दल पर धावा बोल दिया और रामगोपाल को छुड़ाने की नीयत से ताबड़तोड़ लाठियां बरसाना शुरू कर दीं। इस अचानक हुए हमले में उप निरीक्षक महेश ओसारी के चेहरे और दोनों हाथों में पर गंभीर चोटें आईं, जबकि आरक्षक कैलाश बघेल की पीठ और कमर पर जानलेवा वार किए गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़गोंदा थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। हालांकि, पुलिस के अतिरिक्त बल के पहुंचने की आहट मिलते ही हमलावर परिजन और वारंटी मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायल उप निरीक्षक और आरक्षक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल उप निरीक्षक महेश ओसारी की शिकायत पर बड़गोंदा थाना पुलिस ने आरोपी विपिन यादव, गणेश यादव, तोलाराम यादव और रामगोपाल की पत्नी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, बलवा और मारपीट से जुड़ी धाराओं के तहत गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



# सूने मकान को निशाना बनाने वाले चोर गिरफ्तार

## 25 लाख के जेवरात पुलिस ने किए बरामद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों के पास से करीब 25 लाख के सोने एवं चांदी के आभूषण बरामद किए गए है। मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को पारसी मोहल्ला में सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया था। मकान मालिक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे, इसके बाद जब लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखे जेवरात गायब है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जानकारियां जुटाई और आरोपी रोहित उर्फ झूला और चंदन को गिरफ्तार किया है।

**ठिकाने से बरामद हुए सोने-चांदी के जेवर-** पूछताछ और जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चोरी किए गए जेवर नेमावर रोड के पास एक ठिकाने पर छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने वहां दबिश देकर चोरी का माल बरामद कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब 100 ग्राम सोने और ढाई किलो चांदी के आभूषण मिले हैं। बरामद जेवरों की कुल कीमत 25 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

## दोनों आरोपी पहले भी जा चुके हैं जेल

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। उनके खिलाफ पहले भी अलग-अलग पुलिस थानों में नकबजनी और चोरी से जुड़े मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उन्होंने इस वारदात को किस तरह अंजाम दिया और चोरी के माल को कहां-कहां खपाने की योजना बनाई थी। पुलिस दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य चोरी और नकबजनी की वारदातों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।फिलहाल पुलिस ने बरामद जेवरों को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# वाहन चोरी करने वाले चार धराए, दो नाबालिग़ भी पकड़ाए



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तेजाजी नगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 11 वाहन पुलिस ने बरामद किए है। जिनकी कीमत करीब 10 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार युवकों को पकड़ा है जिनसे पूछताछ जारी है। तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि उमड़ीखेडा शराब दुकान के सामने सर्विस रोड पर संदिग्ध युवक दोपहिया वाहन के साथ खड़े है। पुलिस ने सूचना को गम्भीरता से लेते हुए युवकों की घेराबंदी कर दबिश दी। पूछताछ में प्रकाश तंवर, मुकेश उर्फ कालू मसानिया और दो नाबालिगों ने चोरी करना कबूल किया। आरोपी प्रकाश तंवर एवं मुकेश मसानिया के खिलाफ अन्य थानों में भी अपराधिक प्रकरण पाए गए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क और अन्य जानकारियां जुटा रही है।

# रक्षाबंधन पर बहनों की सुरक्षा के लिए ‘शक्ति’ का पहरा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शहर में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेट्रोलिंग व भ्रमण कर रही है। इसी अनुक्रम में शुक्रवार को पुलिस टीमों द्वारा सिटी बसों, ऑटो, ई-रिक्शा एवं अन्य लोक परिवहन वाहनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

***पुलिस की शक्ति मोबाइल ने लोक परिवहन वाहनों में चलाया विशेष निगरानी अभियान***

शक्ति मोबाइल टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोक परिवहन वाहनों में संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों एवं नशाखोरों की सघन जांच की। साथ ही वाहन चालकों एवं कंडक्टरों को स्वयं नशा कर वाहन न चलाने तथा किसी नशेबाज अथवा संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई देने पर सतर्क रहते हुए तत्काल सूचना पुलिस को देने की समझाइश दी गई। इस दौरान महिला यात्रियों से भी संवाद कर उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति अथवा असहज स्थिति लगने पर उसकी जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों की सुरक्षा और निर्भीक होकर त्योहार मनाएं इसके लिए इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल टीमें सतत पेट्रोलिंग एवं निगरानी में सक्रिय रही।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।